राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# गौरवशाली भारत

दिल्ली से प्रकाशित

R.N.I. NO. DELHIN/2011/38334 वर्ष: 11 अंक: 153 पृष्ठ : 08, नई दिल्ली, बुधवार , 15 दिसम्बर 2021 मूल्य: 1.50/-

## प्रधानमंत्री मोदी निकले काशी भ्रमण पर, देर रात गदोलिया में जनता से हुए रूबरू

### मंदिर के इतिहास पर आधारित एक लघु फिल्म भी देखी



**वाराणसी, एजेंसी।** मोक्ष नगरी काशी में बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र बनारस में दो दिवसीय दौरे पर है। 13 दिसंबर को काशी विश्वनाथ मंदिर का लोकार्पण करने के बाद सायंकाल में गंगा आरती और शिव दीप उत्सव देखने के बाद उन्होंने मां गंगा को प्रणाम कर लोगों का अभिवादन किया। दिन भर के व्यस्त कार्यक्रम के बाद सोमवार की रात पीएम मोदी अचानक शहर भ्रमण के लिए निकल पड़े। क्रूज में देर रात तक चली मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक के बाद रविदास घाट पर पीएम मोदी जलयान से उतरे, तो रवींद्रपुरी कालोनी होते आधी रात 12.20 बजे गोदौलिया पहुंच गए। पीएम चौराहे पर कार से उतर पैदल दशाश्वमेध घाट की ओर चल दिए। बता दे की, पीएम के गोदौलिया पहुंचने की जानकारी पहले से ही पुलिस प्रशासन को हो गई थी, इसलिए वहां की सुरक्षा व्यवस्था एकदम दुरुस्त कर दी गई थी, लेकिन पीएम मोदी तो सांसद के तौर पर रात को गोदौलिया पहुंचे थे।

फिर भला ऐसे में वे अपने प्रिय जनता से दूर कैसे रह सकते थे। उन्होंने प्रधानमंत्री के सारे प्रोटोकाल को तोड़ दिया और जनता के बीच ऐसे ही बिना सुरक्षा के चले गए। उन्होंने हाथ हिलाकर जनता को प्रणाम और उनका अभिनंदन किया। मोदी जब सड़क पर चल रहे थे तब पूरी काशी नगरी हर-हर महादेव..., के उद्घोष से गुंजायमन हो उठी। पीएम मोदी डेढ़सीपुल के पास पहुंचकर रुक गए। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कमीश्नर दीपक अग्रवाल से शहर में हो रहे विकास कार्यों के बारे में पूरी जानकारी ली।

कमीश्नर दीपक अग्रवाल ने पीएम को बाढ़ के दिनों में गंगा का जल स्तर गोदौलिया तक आने की जानकारी से अवगत कराया। पीएम मोदी ने कमीश्नर की पीठ थपथपाई और कहा कि, जनसहयोग से दशाश्वमेध मार्ग समेत पूरे क्षेत्र को और भव्य बनाया जाए। इन सबके के दौरान डेढ़सीपुर से गोदौलिया चौराहे तक लौटते वक्त उनको देखने लिए लगी भीड़ में पीएम मोदी ने एक बच्चे के हाथ को पकड़कर उसे दुलारा। इतना ही नही बच्चें के भोलेपन को देखकर पीएम मोदी के साथ मौजूद सीएम योगी आदित्यनाथ भी खुद को नहीं रोक पाए और बच्चे को दुलारने लगे। बच्चा प्रणय सक्सेना राजस्थान से आया था। उसके पिता सौरभ सक्सेना के साथ मां भी मौजूद थीं। पीएम मोदी ने जब सौरभ से पूछा कि काशी में रात को भ्रमण कर रहे हैं। आपको किसी प्रकार का डर तो नहीं लग रहा है। इस पर सौरभ ने कहा कि बिल्कुल नहीं।

## गोवा पहुंचीं ममता बनर्जी बोली- हम लड़ेंगे और मरेंगे, लेकिन पीछे नहीं हटेंगे

### कांग्रेस को दिया प्रस्ताव, क्या स्वीकार कर पाएंगे राहुल गांधी



**गोवा, एजेंसी।** गोवा विधानसभा चुनाव-2022 से पहले कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बीच खींचतान बढ़ती जा रही हैं। दोनों पार्टियों के बीच तल्खियां उस समय और बढ़ती दिखीं जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि टीएमसी ने भाजपा से लड़ने के लिए गोवा में कई पार्टियों के साथ गठबंधन किया है अगर कांग्रेस चाहे तो वह उनके साथ शामिल हो सकती है। हालांकि बनर्जी ने ये भी कहा है कि कांग्रेस के लिए यह एक विकल्प है। उन्होंने कहा कि अगर पश्चिम बंगाल में सड़क पर पानी भर जाता है, तो भाजपा केंद्रीय जांच एजेंसियों को उनके गृह राज्य भेजती है, लेकिन जब गोवा के नेता भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घिरते हैं तो कोई एजेंसी नजर नहीं आती। वे क्यों आएंगे, वे सभी भाजपा के लोग हैं। ममता बनर्जी ने कहा, 'मैं कांग्रेस के खिलाफ नहीं बोलना चाहती। अगर कांग्रेस को लगता है कि वह बीजेपी को हराने के लिए काम करना चाहती है, तो हमें कोई आपत्ति नहीं है।'

हमने गोवा में एमजीपी (महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी) के साथ गठबंधन किया है और आज हमने एनसीपी (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) और चार-पांच दलों को एक साथ मिलकर एक गठबंधन बनाया है। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन ही बीजेपी को हराने के लिए काफी है लेकिन अगर आप जुड़ना चाहते हैं तो हमसे जुड़ें। हमें कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि गोवा में भले ही आप मिलकर नहीं लड़ते इसका मतलब यह नहीं है कि कोई और पहल नहीं करेगा।

दक्षिण गोवा में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, 'टीएमसी का मतलब मंदिर, मस्जिद और चर्च है।' उन्होंने कहा कि हम बीजेपी से लड़ रहे हैं। क्या जीतने का कोई मौका है? क्या आपको विश्वास है कि हम जीत सकते हैं? यदि आप आश्वस्त हैं, तो पीछे मत हटिए। आगे बढ़िए। गोवा के तीन दिवसीय दौरे पर बनर्जी ने कहा, 'हम यहां पर वोट के विभाजन के लिए नहीं आए हैं बल्कि बिखरे हुए वोट को एकजुट करने और टीएमसी गठबंधन को जीत दिलाने के लिए हैं। यह बीजेपी का विकल्प है। अगर कोई इसका समर्थन करना चाहता है, तो इसका निर्णय उन्हें करना है, हम पहले ही फैसला कर चुके हैं। हम लड़ेंगे और मरेंगे लेकिन पीछे नहीं हटेंगे।'

## संक्षिप्त समाचार

### जनरल बिपिन रावत रोड किया जाए अकबर रोड का नाम

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख नवीन कुमार ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद से अकबर रोड का नाम बदलकर देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत के नाम पर रखने का अनुरोध किया है, जिनकी हाल ही में तमिलनाडु में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई थी। एनडीएमसी अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में नवीन कुमार ने पिछले हफ्ते लुटियंस दिल्ली में अकबर रोड का नाम बदलकर जनरल बिपिन रावत रोड करने का आग्रह किया था। नवीन कुमार ने हिंदी में लिखे अपने पत्र में कहा कि आपसे अनुरोध है कि जनरल बिपिन रावत के नाम पर अकबर रोड का नाम बदलकर देश के पहले सीडीएस बिपिन रावत को एक स्थायी स्मृति संलग्न करें, जो उन्हें एनडीएमसी द्वारा सच्ची श्रद्धांजलि होगी। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने कहा कि नगरपालिका परिषद अपने अधिकार क्षेत्र में जनरल रावत के नाम पर एक सड़क बनाने के लिए बहुत उत्सुक है। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी के तहत किसी सड़क के नामकरण लिए एक प्रक्रिया का पालन किया जाता है। हम इस पर चर्चा करेंगे कि इसे कैसे जा सकता है और किस सड़क का नाम जनरल रावत के नाम पर रखा जाए। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी को पिछले कुछ दिनों में जनरल रावत की याद में एक सड़क का नाम रखने के लिए कई अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

### छह महीने में लॉन्च हो जाएगी बच्चों की कोविड वैक्सीन: अदार पूनावाला



नई दिल्ली, एजेंसी। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया अगले छह महीने के अंदर बच्चों के लिए कोरोना टीका 'नोवावैक्स' लॉन्च कर सकता है। सीरम के सीईओ अदार पूनावाला ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी और साथ ही यह भी बताया कि मौजूदा समय में विश्वभर में उनकी कोविड वैक्सीन की सप्लाई अब डिमांड से ऊपर जा रही है। कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की ओर से आयोजित एक वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में अदार पूनावाला ने कहा कि ट्रायल में तीन साल और उससे अधिक उम्र वाले बच्चों में नोवावैक्स के बेहतर परिणाम देखने को मिले हैं। अदार पूनावाला ने कहा, 'हमारी वैक्सीन अगले छह महीने में लॉन्च हो जाएगी। इसका ट्रायल जारी है और इसने 3 साल और उससे ज्यादा उम्र के बच्चों में बेहतर परिणाम दिखाए हैं।' एसआईआई का एस्ट्राजेनेका वैक्सीन का मासिक उत्पादन अप्रैल से लगभग चौगुना होकर 25 करोड़ खुराक तक पहुंच गया है। कंपनी ने फिलहाल मांग में कमी के चलते उत्पादन को आधा करने का ऐलान भी किया है।

## यूपी चुनाव में एकला चलो की राह पर आम आदमी पार्टी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने पिछले दिनों अखिलेश यादव से मुलाकात की थी तो दोनों दलों के बीच गठबंधन के कयास लगने लगे थे। लेकिन अब दोनों दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर पेच फंसता दिख रहा है। इसके चलते आम आदमी पार्टी ने अपने दम पर ही यूपी चुनाव में उतरने का फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक समाजवादी पार्टी सीटों को लेकर समझौते पर ज्यादा झुकने को तैयार नहीं थी, जबकि आप की डिमांड ज्यादा सीटों की थी। आईएएनएस की खबर के मुताबिक पार्टी के राज्य प्रवक्ता वैभव माहेश्वरी ने कहा कि 'आप' अब राज्य की सभी सीटों पर उतरने की तैयारी कर रही है। यही नहीं उन्होंने कहा कि हम अगले एक सप्ताह में 100 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर देंगे। इसके कुछ दिन बाद ही नई लिस्ट जारी होगी। आम आदमी पार्टी के नेता ने कहा कि दिसंबर के अंत तक हमारी पार्टी 350 से 400 तक उम्मीदवारों के नाम फाइनल कर लेगी। संजय सिंह की अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद दोनों दलों के गठबंधन के कयास लग रहे थे। हालांकि दोनों ही दलों ने इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा था, लेकिन खंडन भी नहीं किया था। यही वजह थी कि गठबंधन को लेकर चचाएं तेज हो गई थीं। यही नहीं एक रैली में पीएम नरेंद्र मोदी ने जब यूपी के लोगों को लाल टोपी से बचने को कहा और उसे रेड अलर्ट करार दिया तो संजय सिंह की प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। उन्होंने आरएसएस की काली टोपी का जिक्र करते हुए कहा था कि आपकी टोपी और नीयत दोनों ही काली हैं। इशारों में पीएम मोदी ने तंज अखिलेश यादव पर कसा था, लेकिन उसका जवाब जब आम आदमी पार्टी की ओर से आया तो इसे लेकर कयास और तेज हो गए थे। यदि आम आदमी पार्टी अकेले चुनावी समर में उतरती है तो इससे समाजवादी पार्टी जैसे दलों को ही नुकसान पहुंच सकता है।

## दिल्ली एयरपोर्ट के तीनों टर्मिनलों पर शुरू की ई-बोर्डिंग सुविधा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना वायरस (कोविड-19) के ओमिक्रॉन वैरिएंट की दहशत के बीच संपर्क रहित और निर्बाध यात्रा के लिए दिल्ली हवाईअड्डा संचालक डायल ने यात्रियों के लिए हवाईअड्डे के तीनों टर्मिनलों पर ई-बोर्डिंग सुविधा शुरू की है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने कहा कि सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान के बाद जीएमआर ग्रुप के नेतृत्व वाले ने सभी उड़ानों में प्रस्थान करने वाले यात्रियों सभी बोर्डिंग गेटों पर संपर्क रहित ई-बोर्डिंग गेट लगाए गए हैं जिन पर बोर्डिंग कार्ड स्कैनर लगे हैं। इनके जरिये यात्री अपनी उड़ान संबंधी जानकारी का सत्यापन कर सकते हैं और इसके बाद सुरक्षा जांच के लिए आगे बढ़ सकते हैं। इसमें बताया गया है कि टर्मिनल तीन और टर्मिनल दो पर ई-बोर्डिंग गेट लगा दिए गए हैं और टर्मिनल एक पर इसकी प्रक्रिया जारी है। कंपनी ने कहा कि इस प्रक्रिया के जरिये कोविड-19 के प्रकोप के दौरान हवाईअड्डे की सतहों को छूने की जरूरत कम होगी, वहीं बोर्डिंग में लगने वाला समय भी घटेगा। इस तकनीक ने ट्रांजेक्शन टाइम को 50 प्रतिशत तक कम कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप कतारें कम हो गई हैं और सुरक्षा पहलू में भी सुधार हुआ है क्योंकि बोर्डिंग कार्ड के विवरण को एयरलाइनों के बैक ऑफिस से सत्यापित किया जाता है। इस बीच टर्मिनल 2 के प्रवेश द्वारों पर ई-प्रोसेसिंग कियोस्क भी लगाए हैं और अगले कुछ हफ्तों में इन्हें टर्मिनल 3 और टर्मिनल 1 पर भी स्थापित किया जाएगा। ई-प्रोसेसिंग कियोस्क एयरपोर्ट टर्मिनल के प्रवेश द्वार पर हैं, जबकि यात्रियों को एयरपोर्ट टर्मिनल के अंदर सुरक्षा जांच से पहले ई-बोर्डिंग गेट से गुजरना पड़ता है। बयान में कहा गया है कि प्रवेश द्वार पर यह ई-प्रोसेसिंग कियोस्क सीआईएसएफ कर्मियों के लिए यात्रा दस्तावेजों के सत्यापन के समय को और कम कर देगा और इस प्रकार यात्रियों को एक एंड-टू-एंड निर्बाध और संपर्क रहित डिजिटल यात्रा अनुभव प्रदान करेगा।

## भारत निर्मित टीके दुनिया भर में हो रहे सप्लाई: स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना महामारी से बचाव के एकमात्र विकल्प कोविडरोधी टीका है और भारत में निर्मित टीके पूरी दुनिया में भेजे जा रहे हैं। यह बात केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कही है। मंडाविया ने कहा कि भारत-निर्मित और भारत-अनुसंधानित टीकों की आपूर्ति दुनिया भर में की जा रही है और ये टीके सभी को कोविड-19 से बचाव में मदद कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि दुबई में एक्सपो 2020 में भारत पवेलियन का दौरा कर रहे मंडाविया ने वैश्विक निवेशकों को देश में निवेश करने और मेक इन इंडिया पहल को मजबूत करने के लिए आमंत्रित किया। मंडप में केंद्रीय मंत्री ने कहा, ह्यभारत में निवेशकों के पास जबरदस्त अवसर हैं', क्योंकि यह एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है और कारोबार की सुगमता एक बड़ा सूत्रधार है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की गति तेज हुई है।'

उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग का विस्तार हो रहा है और लोगों की खपत शक्ति भी बढ़ रही है। कोविड-19 के खिलाफ भारत की लड़ाई पर प्रकाश डालते हुए, मंडाविया ने कहा कि देश 'वैक्सीन निर्माण क्षेत्र में एक विश्व नेता है।' बयान में मंत्री के हवाले से कहा गया है, 'हमारी वैक्सीन निर्माण क्षमता प्रति माह 31 करोड़ खुराक है और 86 प्रतिशत प्राप्त आबादी को कोविड वैक्सीन की पहली खुराक मिल चुकी है, जबकि 18 वर्ष से ऊपर की 55 प्रतिशत आबादी को दूसरी खुराक मिली है। यह भारत की ताकत का प्रतिनिधित्व करता है।' 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत को आगे बढ़ाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए, मंडाविया ने कहा, हम दुनिया भर में भारत-निर्मित, भारत-अनुसंधानित टीके प्रदान कर रहे हैं और हर किसी को कोविड-19 से बचाव में मदद कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री सदन में नहीं आते ये लोकतंत्र चलाने का कोई तरीका नहीं: राहुल गांधी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के पास 12 राज्यसभा सांसदों के निलंबन के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन किया. इस प्रदर्शन में टीएमसी से डोला सेन भी शामिल हुईं। राहुल ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, प्रधानमंत्री सदन में नहीं आते हैं। ये कोई तरीका नहीं है लोकतंत्र को चलाने का। विपक्षी सांसदों के निलंबन को 14 दिन हो गए हैं। जिन मुद्दों पर सदन में विपक्ष बहस करना चाहती है, उनपर हमें बहस नहीं करने दी जाती। जो विपक्षी सदस्य आवाज उठाने की कोशिश करता है, उन्हें निलंबित कर दिया जाता है। ये लोकतंत्र की हत्या है। लखीमपुर खीरी मामले पर राहुल ने कहा, 'हमने पहले ही कहा था कि एक मंत्री ने किसानों को मारने का काम किया था। पीएम जानते हैं, उनके मंत्रिमंडल में हैं। सबको सच्चाई पता है।' इससे पहले राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं ने 12 राज्यसभा सांसदों के निलंबन को रद्द करने की मांग करते हुए संसद भवन से विजय चौक तक मार्च निकाला। मार्च में शामिल होने से पहले एक ट्वीट में राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार को लोकतंत्र में चर्चा और असहमति के संदर्भ में ट्यूशन लेने की जरूरत है। मॉनसून सत्र में 'अशोभनीय आचरण' के लिए पिछले 29 नवंबर को शुरू हुए संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन राज्यसभा में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के 12 सदस्यों को इस सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया था। निलंबन के बाद से ये सांसद संसद की कार्यवाही के दौरान प्रतिदिन सुबह से शाम तक संसद परिसर में धरना दे रहे हैं।

## जमुई में मेडिकल कॉलेज शिलान्यास के अवसर पर सदर

» संवाददाता



जमुई। जमुई में जिला अस्पताल बनने के बाद लोगों ने सोचा था कि अब उनके दिन अच्छे आ जाएंगे । जहां विशेषज्ञ डॉक्टर और स्वास्थ्य सुविधाओं का बेहतर लाभ उन्हें मिलने लगेगा परंतु स्थिति बिल्कुल चौंकाने वाली और तकलीफ देह है। दरअसल अचानक एक फोटो और वीडियो सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर वायरल होने लगा। जिसमें बताया गया है कि जमुई सदर अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में एक महिला को बिना ढके अस्पताल में अनाधिकृत रूप से काम करने वाला सफाई कर्मी ऑपरेशन कर रहा है। जबकि सहयोगी के रुप में उक्त सफाई कर्मी के साथ एक नर्स डॉक्टर के जैसे उसे एसिस्ट कर रही है । तस्वीर में एक हाथ ईथर की बोतल लिए ईथर डालते हुए दिख रहा है। जबकि सच्चाई यह है कि जमुई अस्पताल में कोई एनेस्थीसिया के विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है। ऐसे में एक महिला की जान से खिलवाड़ करने वाला या नजारा बिहार के स्वास्थ्य व्यवस्था के वेंटिलेटर पर होने की कहानी सुना रहा है। इस बाबत जमुई के सिविल सर्जन अजय कुमार भारती से पूछने पर उन्होंने इससे अनभिज्ञता जाहिर की जब उन्हें यह तस्वीर दिखाई गई तो उन्होंने इसे गंभीर मानते हुए एक दिन का समय लिया परंतु जब कोई जवाब नहीं सूझा तो दोबारा पूछने पर उन्होंने कहा कि अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ नौशाद अहमद से इस संबंध में पूछिए यह फोटो अत्यंत चौंकाने वाला गंभीर और दुखद है । यदि अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में यह घटना हुई है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह भी जांच का विषय है कि यह तस्वीर ताजी है अथवा पुरानी ।

जमुई सदर अस्पताल में इस वक्त दो से तीन सर्जन डॉक्टर और करीब 3 की संख्या में महिला चिकित्सक भी उपलब्ध है। बावजूद इसके किस परिस्थिति में एक सफाई कर्मी ने एक महिला को ईथर देकर बेहोश करने की हिम्मत दिखाई । मानक और स्वास्थ्य सुरक्षा का ख्याल किए बिना एक पुरूष जूता पहनकर एक महिला का ऑपरेशन कर उसकी जान को जोखिम में डालने की हिम्मत दिखाई। अगर फोटो वायरल नहीं होता तो शायद यह मामला उजागर भी नहीं हो पाता। ऐसे में यह सवाल तो उठता है कि अब तक जमुई जैसे गरीब इलाके में भोले भाले मरीजों के साथ उनकी जान से इस तरह का खिलवाड़ कब से चल रहा था और इसे किस शह पर अंजाम दिया जा रहा है। जमुई के एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यकर्ता सुमन सौरभ ने हमेशा जमुई अस्पताल में व्याप्त दलाली और भ्रष्टाचार पर उंगली उठाई है परंतु उनकी आवाज को अनसुना किया जा रहा है । मंगलवार को जब जमुई में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शिलान्यास की नींव रखी जा रही है तब लाखों की आबादी वाले जमुई के जिला अस्पताल की ऐसी दुर्दशा जमुई के लोगों के साथ अत्याचार है।

## पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की तारीखों की कभी भी हो सकती हैं घोषणा

### इलेक्शन कमीशन आज से शुरू करेगा इन राज्यों का दौरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरप्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा हो सकती है ।यह देखकर इलेक्शन कमीशन बुधवार से इन राज्यों का दौरा शुरू करेगा। आयोग के दौरे की शुरूआत पंजाब से हो रही है ।आयोग के सदस्य चुनाव की तारीखों के घोषणा से पहले तैयारियों का जायजा लेने वाले है। इसके बाद चुनाव आयोग का अगला दौरा गोवा का होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा, चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और अनूप चंद्र पांडेय अगले हफ्ते गोवा और उसके बाद उत्तराखंड के दौरे पर जा सकते हैं। हालांकि चुनाव आयोग का उत्तर प्रदेश के दौरे की तारीखें अभी तय नहीं हैं। लेकिन संभावना है कि उत्तराखंड दौरे के बाद आयोग कभी भी यहां आ सकता है।

इसके संकेत मिल रहे हैं कि आयोग जनवरी 2022 की शुरूआत में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। चुनाव आयोग ने पांच राज्यों को नामावलियों के प्रकाशन के लिए 1 जनवरी की डेट दी है। कुछ राज्यों ने 1 जनवरी तक संशोधित नामावली प्रकाशित करने की बात कही है,वहीं अनुमान है कियूपी पांच जनवरी तक इस प्रकाशित करेगा। आमतौर पर आयोग चुनाव की तिथियां घोषित करने से पहले संशोधित नामावली का इंतजार करता है, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है।

फिलहाल जो संकेत मिल रहे हैं, उसके आधार पर फरवरी में चुनाव हो सकते हैं। वहीं उत्तर प्रदेश में यह 6 से 8 फेज में चुनाव हो सकते हैं। चुनाव करीब एक महीने तक चल सकते हैं। गौरतलब है कि सभी पांच चुनावी राज्यों में विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 15 मार्च से 14 मई के बीच खत्म हो रहा है।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने संगठनात्मक बैठक कर दिया चुनाव में जीत का मंत्र

# उत्तर प्रदेश पहले प्रश्नों और तुष्टिकरण का प्रदेश था : राधा मोहन सिंह

» रवि शंकर तिवारी

बलरामपुर । सोमवार 13 दिसम्बर 2021 को जनपद दौरे पर आये भाजपा प्रदेश प्रभारी, सांसद राधा मोहन सिंह ने भाजपा कार्यालय अटल भवन पर संगठनात्मक बैठक कर कार्यकताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में तैयार रहने को कहा । भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में आयोजित संगठनात्मक बैठक में प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने कहा कि चुनाव एक बहुत बड़ा पर्व है प्रबंधन के मामले में उत्तर प्रदेश देश का सर्वश्रेष्ठ संगठन है 2014 , 2017, 2019 में हमने ये साबित किया

प्रदेश प्रभारी ने बूथ प्रबंधन को लेकर सभी से चर्चा करते हुए कहा कि हम और पार्टियों की तरह नहीं है हम सभी वर्गों का समावेश करते हुए सभी के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं सम सभी को पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के लिए तैयार रहना है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहले ये उत्तर प्रदेश नहीं प्रश्नों का प्रदेश था, तुष्टिकरण का, प्रश्न था पहले हमारे विधायक कार्यकताओं के उत्पीड़न होता था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा सरकार बनी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज ये प्रदेश विकास की दौड़ लगा रहा है हमारा प्रदेश अब उत्तर प्रदेश है



आज बाहुबलियों, दंगाइयों को उनके कृत्यों का उत्तर दिया जा रहा है आज ये देश सौभाग्यशाली है कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व मिला है उन्होंने कहा कि बलरामपुर का अपना इतिहास रहा हहै बलरामपुर ने अटल बिहारी वाजपेयी और नाना



जी देशमुख जैसे दो दो भारत रत्न दिये आप सब के साथ मिलकर प्रदेश में फिर भाजपा सरकार बनानी है उन्होंने कहा कि बलरामपुर में ओडीओपी के तहत दाल का चयन किया गया है जो प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान बना रह है बलरामपुर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण चल रहा है प्रदेश प्रभारी ने बलरामपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक रैली के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि सरयू नहर परियोजना बलरामपुर सहित आस पास के जनपदों के लिए वरदान साबित होगी इससे बाढ़ पर लगाम लगेगी औऔरउपज में भारी बढ़ोत्तरी होगी ।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, राज्य मंत्री पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाशनाथ शुक्ला, गैसड़ी विधायक शैलेष सिंह शैलू, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, श्रावस्ती जिला पंचायत अध्यक्ष पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा, ब्लाक प्रमुख राकेश तिवारी, हेमंत जायसवाल, डॉ अजय सिंह पिंकू, राम दयाल यादव, वंदना पासवान, अनूप चंद्र गुप्ता, मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, विधानसभा प्रभारी जिला चुनाव प्रबंधन समिति, सभासद, पूर्व पदाधिकारी सहित भाजपा कार्यकताओं की उपस्थिति रही ।

# दक्षिण पूर्व पुलिस जिला स्टाफ की सजगता से 650 क्वार्टर अवैध शराब के साथ पकड़े गए बेचने वाले शातिर अपराधी

» आनंद राय

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्व जिले के पीएस बदरपुर और लाजपत नगर की टीम ने दो शराब तस्कर विक्की और गांधी को गिरफ्तार किया है. उनकी गिरफ्तारी के साथ ही उनके पास से 650 क्वार्टर अवैध शराब और एक रिक्शा बरामद किया गया है. 11.12.21 को कांस्टेबल अमित कुमार बदरपुर थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे। गश्त के दौरान, वह विजेंद्र मूर्ति, जैतपुर रोड के पास पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि एक रिक्शा में एक भारी प्लास्टिक बैग ले जा रहे एक व्यक्ति ने पुलिस कर्मियों को देखकर तीखा यू टर्न ले लिया। शक होने पर उसे रुकने के लिए कहा गया लेकिन वह अपनी रफ्तार तेज करता रहा। काफी मशक्कत के बाद पुलिस कांस्टेबल ने उसका पीछा किया और कुछ देर पीछा करने के बाद उसे काबू में कर लिया। बैग की जांच करने पर उसमें 400 क्वार्टर अवैध शराब का निशान ह्लकेवल हरियाणा में बिक्री के लिएह्व पाया गया। पूछताछ करने पर उसकी पहचान विक्की पुत्र इंद्रजीत निवासी उत्तम नगर, दिल्ली उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई। तदनुसार, पीएस बदरपुर, दिल्ली में मामला प्राथमिकी संख्या 0651/21 यू/एस 33/52 दिल्ली उत्पाद अधिनियम दर्ज किया गया था। उसकी गिरफ्तारी से 400 क्वार्टर अवैध शराब और एक रिक्शा जब्त किया गया है एक अन्य मामले में पुलिस स्टेशन लाजपत नगर थाना एरिया में 11.12.2021 को, हेड कांस्टेबल प्रदीप एवं चेतराम और कांस्टेबल राजेंद्र थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे। गश्त के दौरान टीम जल विहार पहुंची जहां टीम ने देखा कि एक व्यक्ति अपने सिर पर प्लास्टिक का थैला लेकर चोरी-छिपे चलने लगा। शक होने पर उसे रुकने के लिए कहा गया लेकिन वह उसी चाल से चलता रहा। एक छोटे से पीछा करने के बाद उसका पीछा किया गया और उसे काबू कर लिया गया। उसके बैग की जांच करने पर, उसमें 250 क्वार्टर अवैध शराब का निशान ह्लकेवल हरियाणा में बिक्री के लिएह्व पाया गया। पूछताछ करने पर उसकी पहचान गांधी पुत्र तनपाल निवासी जल विहार, दिल्ली उम्र 25 वर्ष के रूप में हुई। इसकी सूचना डयूटी अधिकारी को दी गई और प्रतिनियुक्त आईओ मौके पर पहुंचे। तदनुसार, थाना लाजपत नगर में प्राथमिकी संख्या 492/21 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। उसकी गिरफ्तारी के साथ 250 क्वार्टर अवैध शराब जब्त की गई है। उपायुक्त दक्षिण पूर्व जिला ने बताया कि लगातार पूछताछ करने पर आरोपी विक्की ने खुलासा किया कि वह दिहाड़ी मजदूर हुआ करता था लेकिन अवैध शराब बेचना उसका मुख्य जरिया था। कम समय में जल्दी पैसा कमाने के लालच में वह फरीदाबाद सीमा हरियाणा से कम दरों पर अवैध शराब लाकर दिल्ली में ऊंचे दामों पर बेचता था। लगातार पूछताछ करने पर आरोपी गांधी ने भी खुलासा किया कि जल्दी पैसा कमाने के लिए उसने फरीदाबाद सीमा हरियाणा से कम दरों पर अवैध शराब लाकर दिल्ली में ऊंचे दामों पर बेचना शुरू किया। लगातार पूछताछ करने पर आरोपी विक्की ने खुलासा किया कि वह दिहाड़ी मजदूर हुआ करता था लेकिन अवैध शराब बेचना उसका मुख्य जरिया था। कम समय में जल्दी पैसा कमाने के लालच में वह फरीदाबाद सीमा हरियाणा से कम दरों पर अवैध शराब लाकर दिल्ली में ऊंचे दामों पर बेचता था।

## संक्षिप्त समाचार

### नई दिल्ली पुलिस जिला ने चोरी की हीरे की अंगूठी के साथ किया चोर गिरफ्तार

संवाददाता, नई दिल्ली ।13.12.2021 को श्री की शिकायत पर थाना कनॉट प्लेस में एफआईआर संख्या 223/2021 यू/एस 379/411 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया था । ललित धीमान, स्टोर मैनेजर तनिष्क, एम ब्लॉक, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली । शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उनके शोरूम से हीरे की अंगूठी चुरा ली और भागने की कोशिश की । शोरूम के कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया । आरोपित को पुलिस के हवाले कर दिया गया । सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद सीटी राजेंद्र नंबर 796/एनडी ने कथित तौर पर खुद की तलाशी ली । उसके पास से चोरी की हीरे की अंगूठी बरामद हुई है । इस पर आरोपी ने मौके से भागने की कोशिश की और सीटी ने उसे पकड़ लिया । लगभग 50 मीटर का पीछा करने के बाद राजेंदर । सीटी राजेंद्र का पीछा करते समय उनके बाएं पैर में चोट लग गई और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में रेफर कर दिया गया । दीपक यादव उपायुक्त पुलिस नई दिल्ली पुलिस जिला ने बताया कि आरोपी प्रवीण ने खुलासा किया कि वह एक छात्र था और मुखर्जी नगर में यूपीएससी की तैयारी कर रहा था । वह अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए छोटी-छोटी चोरी करता था ।

### लूटेरी सरकार साबित हो रही है मोदी सरकार: श्रीनिवास बी वी

नई दिल्ली, एजेंसी । मंगलवार को भारतीय युवा कांग्रेस ने देश भर में बढ़ती कमरतोड़ महंगाई व सांसदों के अनैतिक रूप से निलंबन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया । इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने कहा कि महंगाई से देश में मचा है हाहाकार, जेबकतरी सरकार साबित हो रही है मोदी सरकार । आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर के मुकाबले नवंबर में खुदरा महंगाई 4.48% से बढ़कर 4.91% पर पहुंच गई । फल से लेकर सब्जियों तक सबकी कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है । आम आदमी की जिंदगी महंगाई के दलदल में फंस कर लगातार मुश्किल होती जा रही है । भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने कहा कि भाजपा निर्मित महंगाई जनता पर कहर बरपा रही है । घरेलू गैस सिलेंडर जनता की पहुंच से दूर होता जा रहा है । प्रधानमंत्री अपने मित्रो के लिए 'अच्छे दिन' लाए हैं और जनता को सिर्फ 'महंगे दिन' थमाए हैं और अब इन 'महंगे दिन' का जनता हिसाब लेगी । देश पीएम मोदी और उनकी सरकार के झूठ और जुमलों से तंग आ चुका है । जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ाकर और भारी टैक्स वसूल कर सरकार, अपना खजाना भर रही है फिर भी देश का कर्ज बढ़ रहा है । देशवासियों को यह बात समझ नहीं आ रही है कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है । 'मेक इन इंडिया' का नारा लगाने वाली सरकार के दौरान 2014 से नवंबर 2021 के दौरान 2,783 कंपनियों ने अपना कारोबार समेट लिया है । यह जानकारी खुद सरकार ने लोकसभा में दी है । केंद्र सरकार की सभी नीतियां एक जुमला बन कर रह गई है । युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार लगातार लोकतंत्र की हत्या कर रही है, जिन मुद्दों पर सदन में विपक्ष बहस करना चाहती है, उनपर बहस नहीं करने दी जाती । जहां विपक्ष आवाज उठाने की कोशिश करता है, उन्हें निलंबित कर दिया जाता है ।

# आईएचआरओ ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस

» कुलदीप त्यागी




नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के कालकाजी स्थित लोटस टेम्पल ऑडीटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन भारत के बहाइयों के सार्वजनिक मामलों के कार्यालय के साथ साझेदारी में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि रहे सीबीआई के पूर्व निदेशक डीआर कार्तिकेयन। श्री कार्तिकेयन ने विशेष रूप से महामारी के दौरान लोगों की मदद करने में आईएचआरओ की भूमिका की सराहना की। महामारी की पहली और दूसरी लहर के दौरान डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की भूमिका की भी सराहना करते हुए कहा श्री कार्तिकेयन कहा जिस तरह से मेडिकल स्टाफ ने लोगों की मदद की वह बहुत सराहनीय है। कई डॉक्टरों ने तो चौबीस घंटे निस्वार्थ भाव से काम किया जिसे हम कभी नहीं भूल पायेगे। इस अवसर पर बोलते हुए ( आईएचआरओ के वर्ल्ड चेयरमैन डॉक्टर नेम सिंह प्रेमी ने इंटरनेशनल हुमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन के बारे में बात की और कहा संस्था का मकसद लोगो को उनके मानवाधिकारों के प्रति उनको जागरूक करना और समाज के उपेक्षित वर्ग के लोगो को उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है।

वरिष्ठ अधिवक्ता जीवी राव ने कहा कि अमीर और गरीब सभी मानव एक समान है इसलिए सरकारों के लिए यह सुनिश्चित करना अनिवार्य हो जाता है कि असमानताएं कम हों और कोई भी पीछे न रहे। अपने स्वागत भाषण में श्रीमती कार्मेल त्रिपाठी निदेशक, सार्वजनिक सूचना कार्यालय, भारत के बहाई के सार्वजनिक मामलों के कार्यालय ने कहा की ह्लहम मानते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति अनिवार्य रूप से प्रतिभा और क्षमताओं के साथ निमार्ता द्वारा संपन्न आध्यात्मिक प्राणी है और जीवन का उद्देश्य समाज के साथ-साथ संबंधित व्यक्ति के लाभ के लिए उस क्षमता का एहसास करना है। इस मौके पर अलग-अलग क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और हस्तियों को सम्मानित किया गया। इनमें सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन, बटरफ्लाइज इंडिया, दीपालय, प्रोत्साहन, रजिया इस्माइल, बाल अधिकार कार्यकर्ता, मुरारी झा मेंटर टीचर, दिल्ली सरकार के स्कूल और हमारा मिशन डिगनिटी की संस्थापक नीना गोयल आदि मुख्यरूप से शामिल हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म्स के अध्यक्ष संदीप मारवाह, एज केयर इंडिया के उपाध्यक्ष ढींगरा, नेशनल फेडरेशन ऑफ द ब्लाइंड की अध्यक्ष प्रो. कुसुमलता मलिक, पूर्व सांसद सत्या बहन और लायंस क्लब के अध्यक्ष गौरव गुप्ता, डॉ. राजेश कुमार, मनोज चंद्रा, डॉ. दीपेन्द्र चाहत, कैप्टन रमा आर्य, एडवोकेट संगीता शर्मा, डॉ. अतिप्रिय, डॉ.रंजीत वर्मा, दिनेश कालियाआदि मौजूद थे। इस मौके इंटरनेशनल ह्यूमन राईट्स आगेर्नाइजेशन के दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, बिहार, झारखण्ड, राजस्थान, और साउथ सहित देशभर के राज्यों से कार्यकर्ता भी आये हुए थे।

# गोवंश संरक्षित करने के समुचित उपाय करे सरकार स्वामी श्याम जी महाराज

» संवाददाता



नई दिल्ली। राष्ट्रीय गौ रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्याम जी महाराज ने कहा है उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेश हो चुके हैं लेकिन उस पर अमल नहीं किया जा रहा है तो सरकार को चाहिए गोवंश संरक्षण के समुचित उपाय कराए आज दिनांक 13 दिसंवर रात 1 वजे स्वामी श्याम जी महाराज दिल्ली रोड पर गौशाला के लिए लौट रहे थे वहां एक गौमाता मुरादाबाद सॉरी के था उसके निकट सड़कों पर तलाक रही थी सूचना मिलते ही खुशहाल पुर पुलिस चौकी के दीवान जी करमेंद्र कुमार पुलिस टीम लेकर पहुंच गए तत्काल ट्राली मंगाकर कान्हा गौशाला भिजवाया गया सरकार ने मुरादाबाद को चार कैथल केचर दिए हैं लेकिन रात्रि सेवा नहीं हो रही है गौवंश संरक्षण के लिए तड़पती गायों को तत्काल सेवा मिलनी चाहिए गौ रक्षा गौसेवा की सेवा रात्रि में भी नियमानुसार होनी चाहिए।

# पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सुरक्षा बल की तैयारी पर चर्चा



कुलदीप सिंह, आईपीएस, महानिदेशक, सीआरपीएफ, श्री संजीव रंजन ओझा, आईपीएस, अपर महानिदेशक, उत्तर पूर्व क्षेत्र और श्री नलिन प्रभात, आईपीएस, महानिरीक्षक (परिचालन), महानिदेशालय के साथ, ग्रुप सेंटर, सीआरपीएफ कैंप, लांगजिंग, इंफाल का दौरा किया और मणिपुर और नागालैंड राज्य की समकालीन परिचालन स्थिति और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बल की तैयारी के बारे में आईजी, एमएंडएन, सेक्टर और यूनिटों के कमांडेंट के अधिकारियों के साथ चर्चा की। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने क्वार्टर गार्ड में सलामी ली, शहीदों के परिवारों सम्मानित किया और बल कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति के बारे जानकारी ली। उन्होंने ग्रुप सेंटर, कैंपस का दौरा किया और संयुक्त अस्पताल का निरीक्षण किया। डीजी ने सैनिक सम्मेलन में बल कर्मियों को उनके कर्तव्यों के बारे में भी संबोधित किया और अधिकारियों, एसओ और जवानों की समस्याएं पूछीं। श्री एम.एस. शेखावत, महानिरीक्षक, मणिपुर और नागालैंड सेक्टर ने महानिदेशक का स्वागत किया और श्री मदन कुमार, उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र, सीआरपीएफ, लांगजिंग इम्फाल ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

यात्रा के दौरान कोविड-19 महामारी से बचने के लिए सभी कार्यक्रमों में सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाया

» संवाददाता

गुरुग्राम। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज और स्कूल ऑफ लॉ द्वारा 9-14 दिसंबर 2021 तक किया गया था। उस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। 9-10 दिसम्बर, 2021 तक रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 11 दिसंबर को सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। 13 दिसंबर को भगवत गीता पर एक सेमिनार आयोजित किया गया था और अंत में, 14 दिसंबर 2021 को गीता पाठ पाठ किया गया था। इन कार्यक्रमों का आयोजन श्रीमद्भागवत गीता के पवित्र श्लोकों को छात्रों को सिखाने के लिए किया गया था। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न कक्षाओं के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की संयोजक सुश्री कोमल यादव (फोरेंसिक विज्ञान विभाग, और सुश्री रश्मी कौशिक (कानून विभाग) थीं। कार्यक्रम




का आयोजन डॉ अंजू रानी और डॉ चंचल कौशिक (विभाग I जूलॉजी और वनस्पति विज्ञान) द्वारा किया गया था।

प्रो, (डॉ.) एम.एम. गोयल, कुलपति, स्टारेक्स विश्वविद्यालय, गुरुग्राम ने छात्रों को भगवत गीता के श्लोकों से अवगत कराया। वह व्यक्ति की आत्मा को भगवान का स्वामी और गीता को एक शुद्धतम रूप के रूप में संबोधित करता है जो सीधे भगवान (भगवान कृष्ण) के मुख से आता है। उन्होंने यह भी कहा कि कृष्ण और अर्जुन उनमें हैं, उन्हें खुद पर विश्वास करना चाहिए। डॉ. एस.एल. वशिष्ठ, रजिस्ट्रार, स्टारेक्स यूनिवर्सिटी ने गीता श्लोक पर ध्यान केंद्रित किया और निष्कर्ष निकाला कि न्याय कार्यस्थल या घर पर हर जगह पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए और निर्णय लेते समय ईमानदार होना चाहिए।

अंत में, डॉ दिव्या त्यागी, डीन एकेडमिक्स द्वारा परिणाम घोषित किए गए। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशंसा के प्रतीक के रूप में छोटी श्रीमद्भागवत गीता के साथ प्रमाण पत्र दिए गए।

## भाजपा शासित एमसीडी और पार्किंग माफियाओं की सांठगांठ के कारण दिल्ली में पार्किंग एक गंभीर समस्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को एमसीडी के मुख्य कामों के अवगत कराने के लिए एक नई सीरीज की शुरूआत की है। इसी के तहत आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली में पार्किंग की समस्या को उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पार्किंग एक गंभीर समस्या बनी हुई है। जिसके लिए सिर्फ और सिर्फ भाजपा शासित एमसीडी ज़िम्मेदार है। फ्रॉस्ट एंड सुलिवन नामक संस्था की स्टडी के अनुसार दिल्ली में औसतन एक व्यक्ति अपनी ज़िंदगी के 80 घंटे सिर्फ पार्किंग ढूंढ़ने में लगा देता है। भाजपा ने 2012 के मेनिफेस्टों में 100 मल्टीलेवल पार्किंग का वादा किया था लेकिन इन 10 सालों में 100 गाड़ियों की पार्किंग तक नहीं बना पाए। 2017 के चुनाव में साउथ एमसीडी ने 27 पार्किंग का वादा किया, भाजपा उसमें भी फेल रही।

# विविध व्याधियों पर भारतीय संगीत चिकित्सा अत्यंत प्रभावी: शॉन क्लार्क

» संवाददाता

नई दिल्ली। 'आध्यात्मिक दृष्टि से शुद्ध संगीत व्यक्ति का रोग ठीक होने और औषधियों पर निर्भरता घटाने में सहायता कर सकता है क्या ?', यह जानने के लिए महर्षि अध्यात्म विश्वविद्यालय ने उच्च-रक्तचाप (हाइपरटेंशन) से पीड़ित व्यक्तियों पर परीक्षण द्वारा शोध किया । इस शोध से ज्ञात हुआ कि, आध्यात्मिक दृष्टि से सकारात्मक नाद अथवा संगीत व्यक्ति को विविध रोगों पर नियंत्रण प्राप्त करने में सहायता कर सकते हैं । विदेशी संगीत चिकित्सा की अपेक्षा भारतीय संगीत चिकित्सा अधिक प्रभावी है, यह शोध में दिखाई दिया है, ऐसा प्रतिपादन महर्षि अध्यात्म विश्वविद्यालय के श्री. शॉन क्लार्क ने किया । वे 'www.hinduscriptures.com' नामक वेब साईट द्वारा आयोजित 'स्वास्थ्य के लिए संगीत चिकित्सा' इस विषय पर फेसबुक 'वेबिनार' में बोल रहे थे । इस वेबिनार का आयोजन जालस्थल की संस्थापिका और 'दि हिन्दू कल्चर एंड लाइफस्टाइल/दि वेज सफारी' इस ग्रंथ की लेखिका वैशाली शहा ने किया था। इस समय श्री. क्लार्क ने 'संगीत का व्यक्ति पर आध्यात्मिक दृष्टि से होनेवाले परिणाम' का अध्ययन करने के लिए महर्षि अध्यात्म विश्वविद्यालय के संस्थापक परात्पर गुरु डॉ. जयंत बाळाजी आठवले जी के मार्गदर्शन में किया हुआ शोध प्रस्तुत किया गया । संगीत का व्यक्ति पर होनेवाले परिणाम के अध्ययन के लिए उच्च रक्तचाप से पीडित 5 व्यक्तियों को शास्त्रीय संगीत के राग 'गोरख कल्याण' का सीधा प्रस्तुतीकरण एक घंटा सुनने के लिए बैठाया । कुछ संगीत विशेषज्ञों के मतानुसार राग गोरख कल्याण रक्तचाप घटाने के लिए उपयुक्त है । राग प्रस्तुत करनेवाले कलाकार श्री. प्रदीप चिटणीस उच्च आध्यात्मिक स्तर के और आध्यात्मिक दृष्टि से सकारात्मक थे । इस प्रयोग के 48 घंटे पूर्व चिकित्सा विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में उचित सावधानी बरतकर इस परीक्षण में सम्मिलित व्यक्तियों की उच्च-रक्तचाप की औषधियां बंद कर दी गई थीं। 'राग गोरखकल्याण' सुनने से पूर्व और पश्चात सम्मिलित व्यक्तियों के रक्तचाप का निरीक्षण किया गया तथा 'यूनिवर्सल ऑरा स्कॅनर' (यू.ए.एस.) उपकरण द्वारा उनकी सकारात्मक अथवा नकारात्मक ऊर्जा पर संगीत के होनेवाले परिणाम का अध्ययन किया गया । 'राग गोरखकल्याण' सुनने के उपरांत दूसरे दिन सवेरे सभी के रक्तचाप का निरीक्षण किया गया । उस समय 5 में से 4 व्यक्तियों का रक्तचाप संगीत सुनने से पूर्व के उनके रक्तचाप की तुलना में घट गया था । एक व्यक्ति का रक्तचाप सामान्य था । विशेष यह है कि बढा हुआ रक्तचाप घटा और 72 घंटे औषधियां न लेने पर भी वह बना रहा । संगीत सुनने के पश्चात व्यक्तियों की नकारात्मक ऊर्जा औसत 60 प्रतिशत घट गई और उनकी सकारात्मक ऊर्जा में औसत 155 प्रतिशत वृद्धि हुई । इस प्रकार के संगीत का परिणाम दर्शाने वाले अन्य परीक्षणों के संबंध में विस्तृत जानकारी भी श्री. क्लार्क ने इस समय दी ।

इस शोध में ब्रिटिश बैंड 'माकोर्नी यूनियन' का 'वेटलेस' रिलैक्स म्यूजिक भी सुनाया । इस प्रयोग के पश्चात भी दो लोगों का रक्तचाप घट गया; परंतु दोनों की नाडी के स्पंदन बढ गए । यू.ए.एस. उपकरण द्वारा किए गए परीक्षण में उनकी नकारात्मकता औसत 53 प्रतिशत वृद्धि गई और दूसरे का सकारात्मक वलय पूर्णतः घट गया । इससे ध्यान में आया कि, भारतीय संगीत और नाद चिकित्सा से व्याधियां घटती हैं तथा व्यक्ति का सकारात्मक वलय भी बढ़ता है । विदेशी संगीत के कारण व्याधि कम होने पर भी सकारात्मकता घट कर नकारात्मकता बढ़ती है ।

इस शोध के माध्यम से ज्ञात हुआ कि, व्यक्ति पर केवल मानसिक ही नहीं, अपितु आध्यात्मिक स्तर पर भी परिणाम होता है । संगीत का खरा लाभ प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को आध्यात्मिक दृष्टि से शुद्ध संगीत सुनना महत्त्वपूर्ण है । संगीत चिकित्सा (म्युजिक थेरेपी) पर चिकित्सा शास्त्रों को विचार करना चाहिए; क्योंकि उसके लिए कोई खर्च नहीं होता; परंतु उसके लाभ बहुत हैं, ऐसा भी श्री. क्लार्क ने कहा । इस शोध का प्रस्तुतीकरण 'www.hinduscriptures.com' इस वेब साईट के फेसबुक पेज पर उपलब्ध है ।

# लांसेट सिटीजंस कमिशन ने मनाया अंतरराष्ट्रीय सर्व जन स्वास्थ्य बीमा व्याप्ति दिवस

» संवाददाता

नई दिल्ली। इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय सर्व-जन स्वास्थ्य बीमा व्याप्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो 2012 में संयुक्त राष्ट्र के देशों को सर्व-जन स्वास्थ्य बीमा व्याप्ति (UHC) की प्रगति में तीव्रता लाने के लिए अनुरोध के एक प्रस्ताव की ऐतिहासिक और एकमत से पुष्टि करने कि वर्षगांठ है, जो 2030 तक 'सभी के लिए स्वास्थ्य' प्राप्त करने की वैश्विक प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। भारत की स्वास्थ्य प्रणाली की छवि में सुधार पर लांसेंट सिटीजंस कमिशन इस बात का समर्थन करता है कि UHC को प्राप्त करने के लिए भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली में ढांचागत परिवर्तन की जरूरत होगी, जो कि महामारी की छाया में और ज्यादा दिख रहा है।भारत में वल्ऊ प्राप्त करने के मार्ग पर प्रकाश डालते हुए, गगनदीप कांग, प्रोफेसर, क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर ने कहा, 'सर्व-जन स्वास्थ्य बीमा व्याप्ति प्रदान करने के लिए भारत को पूरे समाज के लिए सेवाओं का एक विश्वसनीय, पहुँच योग्य समूह बनाने के लिए जल्द और संगठित कार्यवाही कि जरूरत है।बायोकॉन की कार्यकारी अध्यक्ष किरण मजूमदार-शॉ ने कहा, ह्लकोविड 19 महामारी ने टीकाकरण, निदान, उपचार, और परिणाम के डिजिटाइज आंकड़ों को पकड़ने की तकनीक की शक्ति को खोल दिया है। हमारे पास कोविड से आगे विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्मों का फायदा उठाने और उन्हें उन्नत स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन में इस्तेमाल करने का मौका है जो पूरे सार्वजनिक और निजी परितंत्र को पहुँच और वहन करने कि योग्यता प्रदान करता है।तरुण खन्ना, हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में जॉर्ज पाउलो लेमन्न प्रोफेसर और द लक्ष्मी मित्तल एण्ड फॅमिली दक्षिण एशिया इंस्टिट्यूट के निदेशक, ने भारत की व्यापक महत्वकानकक्षाओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर टिप्पणी की। 'स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में संस्थागत परिवर्तन का लाभ बहुत बड़ा है, लेकिन सर्व-जन स्वास्थ्य सेवा का कोई आसान रास्ता नहीं है। हमें भारत में समझदारी भरे रास्ते के लिए और विभिन्न घटकों में विश्वास पैदा करने के लिए सभी क्षेत्रों से बातचीत करनी चाहिए।' 'विक्रम पटेल, हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के ग्लोबल हेल्थ के परशिंग स्क्वेयर प्रोफेसर; हार्वर्ड टीएच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्रोफेसर; संगथ के सह-संस्थापक ने कहा, 'जबकि दुनिया कोविड-19 महामारी के तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रही है, सभी देशों को ऐसी स्वास्थ्य सेवाओं कि जरूरत का एहसास हुआ है जो विश्वव्यापी, प्रतिक्रियात्मक, निष्पक्ष, प्रमाणित जानकारी वाली, और मजबूत हों।'

## संपादकीय

# बचत को कवच

निश्चित रूप से नौकरीपेशा और मध्यम-निम्न आय वर्ग के लोगों के लिये वह संकटभरा वक्त होता है, जब उन्हें पता लगता है कि जिस बैंक में उनके जीवन भर के खून-पसीने की कमाई जमा थी, वह डूब गया। ऐसी खबरें मीडिया में आने पर खाताधारकों में अफरा-तरफी मच जाती थी। अब तक कुल रकम पर जो क्षतिपूर्ति हेतु एक लाख रुपया मिलता भी था, उसे पाने में सालों बैंकों व सरकारी दफ्तरों के धक्के खाने पड़ते थे। लेकिन रविवार को विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम 'डिपॉजिटर्स फर्स्ट ~ पांच लाख रुपये तक समयबद्ध जमा राशि बीमा भुगतान गारंटी' में प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि अब किसी बैंक के डूबने की स्थिति में खाताधारक को कुल जमा राशि की तुलना में पांच लाख रुपये तक दिया जायेगा। जिसे डिपॉजिट इंश्योरेंस क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन द्वारा बैंक डूबने के नब्बे दिन के भीतर खाताधारक को लौटाया जायेगा। दरअसल, सरकार ने वर्ष 2021 के बजट में इस प्रस्ताव की घोषणा की थी, जिसे अब क्रियान्वित किया गया। सरकार का दावा है कि अब तक इस मद में खाताधारकों को 1300 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। दरअसल, इस योजना के तहत राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सभी सहकारी बैंकों के खाते भी शामिल होंगे। योजना में बीमे के अंतर्गत जमा खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट, चालू खाते और रेकरिंग डिपॉजिट भी शामिल हैं। निस्संदेह, मुश्किल वक्त के लिये अपनी जमा-पूंजी बैंकों के हवाला करने वाले लोगों को बैंकिंग व्यवस्था में भरोसा बढ़ेगा।

सरकार का दावा है इस योजना से 98 फीसदी खाताधारकों के खाते सुरक्षित हो चुके हैं। निस्संदेह यह सरकार की अच्छी पहल है क्योंकि कुल रकम में से पांच लाख तो कम से कम खाताधारकों को वापस मिलेंगे। अब तक देश के कुल 17 बैंक अपने खाताधारकों के पैसे लौटाने में विफल रहे थे। अच्छी बात यह है कि बीमित राशि लोगों को तीन माह के भीतर देने की गारंटी दी गई है। सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि बैंकों के सिस्टम में पारदर्शिता लायी जाये। केंद्रीय बैंक व एजेंसियां बैंकों की संदिग्ध कार्यप्रणाली पर नजर रखें। अब आरबीआई सहकारी बैंकों की कार्यप्रणाली की भी देखरेख करेगा। देश में जनधन व अन्य खाते खुलने से बड़ी संख्या में लोगों की बैंकों में भागीदारी बढ़ी है। विमुद्रीकरण के बाद लोग घरों के बजाय बैंकों में पैसा रखने लगे हैं। यदि बैंकों में भी उनका पैसा सुरक्षित न रहे तो वे कहां जायेंगे। सुखद है कि जनधन खाते खुलने और सरकारी योजनाओं की राशि सीधे बैंक खातों में जाने से करीब अस्सी फीसदी महिलाओं के बैंकों में खाते खुल चुके हैं। यहां तक मुद्रा योजना की सत्तर फीसदी लाभार्थी भी महिलाएं ही हैं। इसके अलावा बैंकों से जुड़ी अन्य समस्याओं का भी समय रहते निराकरण, बैंकिंग व्यवस्था में भरोसा बढ़ाने के लिये हो। समस्या के जटिल होने से पहले ही नीतिगत फैसले से सुधार के प्रयास होने चाहिए क्योंकि आम लोगों की बैंकिंग व्यवस्था में भागीदारी तेजी से बढ़ी है।

# पसंद का रहे ख्याल

गुजरात हाईकोर्ट ने अहमदाबाद नगर निगम के उस अभियान पर कड़ी नाराजगी जताई है, जिसके तहत मांस-अंडा बेचने वाली रेहड़ियों को चुन-चुन कर हटाया जा रहा है। रेहड़ी-ठेले जब्त कर लिए गए हैं। अदालत ने कहा कि आखिर, आप लोगों को घर से बाहर उनकी पसंद का खाना खाने से रोक कैसे सकते हैं? यह टिप्पणी अदालत ने करीब 20 रेहड़ी-पटरी वालों की याचिका का निपटारा करते हुए की। मामले की सुनवाईकर रहे जस्टिस बिरेन वैष्णव ने कहा कि क्या नगर निगम आयुक्त फैसला करेंगे कि मैं क्या खाऊं? कल को वे कहेंगे कि मुझे गन्ने का रस नहीं पीना चाहिए क्योंकि उससे मधुमेह हो सकता है, या कहेंगे कि कॉफी सेहत के लिए खराब है। क्या ये सब इसलिए कहेंगे कि सत्ता में बैठा व्यक्ति अचानक सोचता है कि वह क्या करना चाहता है। हालांकि अहमदाबाद नगर निगम ने मांसाहारी भोजन बेचने वाले ठेलों के खिलाफ भेदभाव करने संबंधी आरोप से साफ इनकार किया। लेकिन अहमदाबाद नगर निगम की शहर योजना एवं एस्टेट समिति के अध्यक्ष देवांग दानी के उस कथन का क्या करें जब एक महीने पहले उन्होंने कहा था कि स्कूलों, कॉलेजों, उद्यानों और धार्मिक स्थलों के 100 मीटर के दायरे में और प्रमुख सड़कों पर अंडा और मांसाहारी भोजन बेचने वाले ठेलों को हटाया जाएगा। अहमदाबाद में भाजपा शासित नगर निगम है। वैसे गुजरात सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि लोग अपनी पसंद का खाने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन जन प्रतिनिधि हैं कि अपने पूर्वाग्रह और दुराग्रह थोपने से बाज नहीं आ रहे। ज्यादा दिन नहीं हुए जब राजकोट के एक जन प्रतिनिधि ने ठेलों पर मांसाहारी भोजन बेचने वालों के खिलाफ नकारात्मक टिप्पणी की थी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश अधिवक्ता रॉनित जॉय कहा कि अहमदाबाद नगर निगम ने स्वच्छता बनाए रख पाने की बात कहते हुए मांसाहारी भोजन परोसने वाले ठेले-ठीए हटवा दिए। इसे 'कट्टरता' करार देते हुए उन्होंने कहा कि व्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का अतिक्रमण करने का हक किसी को नहीं है। बहरहालग्जनता के निर्वाचित लोगों को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि संविधान का अनुच्छेद 21 जनता को क्या खाना है, क्या पहनना है आदि जैसी व्यक्तिगत स्वस्तंत्रता के मौलिक अधिकार की गारंटी देता है।




## परिधि/ राजीव मंड़ल

# तकलीफदेह हरकत


देश की खातिर अपनी जान की रत्ती भर भी परवाह नहीं करने वालों का नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज होता है। आने वाली पीढ़ियां उनका जिक्र करके गौरव का अनुभव करती हैं। ऐसे लोगों का असमय जाना राष्ट्र की क्षति है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत समेत 13 लोगों की हवाई हादसे में मौत वाकई बेहद तकलीफ देह है। मगर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो शहीदों का अपमान करने में अपनी शान समझते हैं। दरअसल, ऐसी गिरी हुई हरकत वैसे शोहदे करते हैं, जिनके परिवार ने उन्हें संस्कार से रुबरू ही नहीं कराया।

हवाई दुर्घटना के बाद जहां देश भर में मातम पसरा था, वहीं कई चेहरे ऐसे निकले जिनका दिल काला था और सोच सड़ी हुई। राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, जम्मू और कश्मीर के कई अहसानफरामोशों ने रावत और अन्य अफसरों के निधन पर खुशी जाहिर की। हालांकि उन्हें खोज निकाला गया और अब वो 'सरकारी मेहमान' हैं, लेकिन इस टुच्चे आचरण से उनकी मनोदशा और देश के प्रति निष्ठा का पता चलता है। इसके उलट कुछ ऐसे लोग भी हैं, जिन्हें इस हादसे में जान गंवाने वालों से ज्यादा पीड़ा इन सैन्य अधिकारियों के खिलाफ प्रतिक्रिया देने वालों से रही। इनमें से एक नाम मलयालम फिल्म निर्देशक अली अकबर और उनकी धर्मपत्नी का है। जनरल रावत के खिलाफ ओछी बयानबाजी से व्यथित होकर अकबर दंपति ने मुस्लिम धर्म को त्याग कर हिंदू धर्म अपनाने का फैसला लिया।

बेशकग घटिया और दो कौड़ी के चरित्र वालों की सही जगह जेल है। इन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। यह काम थोड़ा कठिन भले है, किंतु नामुमकिन नहीं है। किसी को भी दूसरे शख्स के बारे में अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिए। खासकर देश के लिए मर-मिटने वालों के बारे में तो बुरा कहना या सोचना भारी गुनाह है। सरकार अगर ऐसे लोगों के खिलाफ बुरे-से-बुरा सोचे तो जाहिर है देशवासियों को अच्छा लगेगा। नि:संदेह जनरल बिपिन रावत को अपने जीते-जी देश के दुश्मनों की पहचान थी, किंतु जाते-जाते भी उन्होंने देश के गद्दारों की पहचान करा दी। हालिया मामले ही नहीं, बल्कि बीते काफी समय से देखने में आया है कि सोशल मीड़िया जैसा जरिया अपरिपक्व लोगों के हाथों में पड़ गया है, जिसका उपयोग भड़ास निकालने के लिए किया जाता है। इस पर लगाम जरूरी है।

# कोरोना : डरने, डराने का नहीं, सम्हलने का वक्त है

मनोज कुमार



कोविड की तीसरी लहर ने दस्तक दे दी है। कल क्या होगा, किसी को खबर नहीं है लेकिन डर का साया दिन ब दिन अपना आकार बढ़ा रहा है। कोरोना की दूसरी लहर को याद करने के बाद रूह कांप जाती है और तीसरी लहर ने भी ऐसे ही कयामत ढाया तो जिंदगी कल्पना से बाहर होगी। पहली लहर को सभी वर्गों ने हल्के में लिया था और कोरोनो को लोग मजाक बता रहे थे। सामान्य खांसी-सर्दी की बीमारी बताकर उसे अनदेखा कर रहे थे लेकिन दूसरी लहर में जब जिंदगी के लाले पडने़ लगे तो समझ में आया कि सौ साल बाद महामारी किस कदर कहर ढाती है। हममें से अधिकांश को पता ही नहीं है कि सौ साल पहले आयी महामारी का प्रकोप कितना और कैसा था लेकिन जब हम खुद इस बार की महामारी का सामना कर रहे हैं तो समझ में आने लगा है कि महामारी होती क्या है? कोरोना की तीसरी लहर की अभी शुरूआत है और अपने आरंभिक लक्षणों में उसकी भयावहता का अंदाज होने लगा है। इस आहट को भांप कर हम सबको डरने की जरूरत नहीं है और ना ही डराने की जरूरत है बल्कि जरूरत है कि हम सब अपने अपने स्तर पर सावधानी बरतें क्योंकि सावधानी ही इस महामारी का इकलौता इलाज है। लापरवाही या अनदेखी के चलते पहले भी कितने घरों में तकलीफ आयी है और इसका दुहराव ना हो, इस बात की सावधानी हमें बरतनी होगी।

कोरोना की तीसरी लहर को लेकर सोशल मीडिया में जिस तरह की आधी-अधूरी बातें की जा रही है, वह किसी महामारी से कम नहीं है। संभव है कि कोरोना को लिखने वाले जानकार हों लेकिन इस बात का भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि आपके लिखे शब्दों से समाज में डर पैदा ना हो क्योंकि डर के कारण आपाधापी मचती है और बीमारी से ज्यादा डर बेकाबू हो जाता है। कोशिश होना चाहिए कि संतुलित भाषा में कोरोना से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करें। कोरोना के दरम्यान बरतने वाली सावधानी से लोगों को अवगत कराया जाए ताकि स्थिति पहले पायदान पर ही नियंत्रण में हो सके। जो जिस क्षेत्र में है, उस क्षेत्र की मेडिकल सुविधाओं के बारे में बताया जाए ताकि जरूरत पडने़ पर लोगों को भटकना ना पड़े। देखने में यह भी आया है कि वैक्सीन को लेकर भी यह चर्चा की जा रही है कि यह कारगर नहीं है। इस सूचना का कोई तर्क नहीं है और एक कारण लोगों का वैक्सीन नहीं लगाने में यह भी है। कायदे से हम लोगों को प्रेरित करें कि अविलम्ब कोरोना प्रतिरोधक वैक्सीन लगा लें ताकि कोरोना के शिकार होने के बाद भी गंभीर स्थिति से बचा जा सके। अभी डराने या बिना तर्क की बात करने का नहीं है क्योंकि डर से व्यवस्था बाधित होती है और महामारी को फैलने के लिए स्थान मिल जाता है।

> मॉस्क ना केवल कोरोना से बचाती है बल्कि प्रदूषण से भी आपके शरीर को बचाती है।

कोरोना के आरंभ के साथ मीडिया की भूमिका सकरात्मक रही है और यही कारण है कि बीते दो लहर से व्यवस्था के नियंत्रण में शासकीय तंत्र को सहायता मिली है। कमियों की आलोचना से शासकीय तंत्र सजग हुआ और व्यवस्था दुरूस्त की गई। जैसे निजी अस्पतालों द्वारा इलाज के नाम पर जो मनमानी की जा रही थी, उसे रोकने के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान स्वयं आगे आए। ऐसी आपदाओं में मीडिया की भूमिका बड़ी और गंभीर हो जाती है। समाज की अपेक्षा होती है कि मीडिया सारा सच बताये लेकिन सच तो यह है कि स्थिति को नियंत्रण में रखने, लोगों में डर ना फैले तथा वे व्यवस्था के प्रति सुनिश्चित रहें, इसकी जवाबदारी भी मीडिया की होती है। मीडिया रिपोर्टर्स की भाषा और प्रस्तुति बेहद संयत और संवेदनशील होती है जिससे लोगों के भीतर उपजने वाला डर खत्म होता है। डरे हुए लोग भीड़ में तब्दील हो जाते हैं और भीड़ को नियंत्रण में रखना मुश्किल कार्य होता है। ऐसे में सामंजस्य बनाकर रखना ऐसी विकट स्थिति में मीडिया का कार्य होता है क्योंकि मीडिया समाज और सरकार के मध्य सेतु का कार्य करती है।

कोरोना प्रकोप को नियंत्रण में देखकर सरकार ने जीवन को सहज बनाने के लिए अनेक फैसले लिये हैं जिसमें शैक्षणिक संस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किये जाने के आदेश हैं। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में ऑनलाइन शिक्षा की चर्चा की गई है। अभी समाज मुसीबत से दूर नहीं हुआ है और जरूरी है कि ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था को बनाये रखें ताकि शिक्षण संस्थाओं में एकत्र होने वाली भीड़ से कोरोना वायरस फैलने से रोका जा सके। यूं भी टेक्नालॉजी का जिस तरह से विस्तार हो रहा है और आने वाला भविष्य टेक्नालाजी फ्रेंडली होना है तब ऑनलाइन शिक्षा और वर्क फॉम होम को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इन विकल्प से ना केवल हम कोरोना के हमले से बच सकते हैं बल्कि पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के साथ ही संस्थागत व्यय पर भी नियंत्रण हो जाता है। यह किया जाना आज के लिए ही नहीं, भविष्य के लिए भी जरूरी हो जाता है। शादी-ब्याहो, सभा-संगत और मॉल-टॉकीज शुरू करने की जो छूट दी गई है, उस पर पुर्नविचार किया जाना चाहिए। निश्चित रूप से भारतीय जीवनशैली का पाश्चात्य जीवनशैली से कोई मेल नहीं है लेकिन कोरोना के चलते एक बार विचार किया जाना जरूरी हो जाता है।

यह सूचना राहत देती है कि कोरोना की आहट के पहले ही चिकित्सा व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली गई है लेकिन इसकी वास्तविकता को जांचना भी जरूरी है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान इस मामले में गंभीर हैं और कलेक्टरों को आदेश देकर यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि अपने अपने जिलों में ऑक्सजीन प्लांट की स्थिति का निरीक्षण-परीक्षण करें और उसे चालू करें। आग लगने पर कुंआ खोदने से अच्छा है कि कुंआ पहले तैयार रखें ताकि वक्त-बे-वक्त काम आ सके। मेडिकल सहित संबद्ध सेवाओं को आपातकालीन घोषित करना भी समय की जरूरत है। ऐसा किये जाने से विपत्ति का समाधान मौजूद होगा। सरकार के इन प्रयासों को मूर्त रूप देने के लिए समाज को भी आगे आना होगा। अफवाहों से दूर रहकर वेक्सीन लगवा लें। अनावश्यक यात्रा या बाजार जाने से बचें। मॉस्क और सेनिटाइजर का उपयोग जीवनशैली में शामिल कर लें। मॉस्क ना केवल कोरोना से बचाती है बल्कि प्रदूषण से भी आपके शरीर को बचाती है। दिल्ली का हाल किसी से छिपा नहीं है। झीलों की नगरी भोपाल अपनी ताजगी के साथ अपनी पहचान कायम रखे, इसके लिए जरूरी है कि हम सब मिलकर कोरोना का मुकाबला करें। सजग रहें, स्वस्थ्य रहें क्योंकि जीवन हमारा अपना है।

## अंतर्मन

# जीवन में ज्यादा सामान करता परेशान

रेनू सैनी

'जितना कम सामान रहेगा, उतना सफर आसान रहेगा। जितनी भारी गठरी होगी, उतना तू हैरान रहेगा।' उपरोक्त पंक्तियां सुप्रसिद्ध कवि गोपालदास नीरज द्वारा रचित हैं। इन शब्दों में गहराई है, सुख है, आराम है और तनाव रहित जीवन है। कम सामान में जीवन की अधिक खुशियां और अधिक सामान में ज्यादा तनाव एवं चिंताएं छिपी रहती हैं। लेकिन कहते हैं न कि जो दिखता है, वो बिकता है और जो नहीं दिखता, उसको महत्व नहीं दिया जाता।

जैसन हिकेल की प्रसिद्ध पुस्तक है, 'लेस इज मोर।' इस पुस्तक में उन्होंने बारीकी से इस तथ्य पर प्रकाश डाला है कि कम कैसे और क्यों अधिक होता है? वे कहते हैं कि 'अगर हम अपने आपको हल्का रखें तो हमारी चिंताएं, भार और तनाव, अपने आप कम होने लगते हैं।' अगर एक व्यक्ति वजन में हल्का होता है, नियमित व्यायाम करता है तो वह स्वस्थ रहता है, बीमारियां उस पर जल्दी हमला नहीं बोलतीं। इसके विपरीत एक भारी व्यक्ति को कदम-कदम पर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मोटापे से होने वाली बीमारियां सभी जानते हैं। इनके अतिरिक्त मोटे व्यक्ति को लोगों के व्यंग्यों एवं तिरस्कार का शिकार भी होना पड़ता है। इतना ही नहीं, मोटे व्यक्ति से काम भी जल्दी से नहीं हो पाते।

इसी तरह यदि हमारे पास अधिक सामान होता है तो उसकी अधिक देखभाल करनी पड़ती है। उस पर अधिक व्यय करना पड़ता है। उदाहरणार्थ यदि हमारे पास चार मोबाइल फोन, तीन टी.वी, तीन गाड़ियां हों तो न केवल उनकी विशेष देखभाल करनी पड़ती है, अपितु उनकी देखरेख पर व्यय भी अधिक करना पड़ता है। इसमें समय एवं ऊर्जा की अधिक खपत होती है। इसके विपरीत यदि एक मोबाइल फोन, एक टी.वी. और एक गाड़ी हो तब भी जीवन आराम से चलता है बल्कि ज्यादा सुख से बीतता है। घर में जितना अधिक सामान होता है, घर उतना अधिक भरा-भरा लगता है।



जब हम किसी यात्रा पर जाते हैं तो अधिक सामान होने पर उसकी निगरानी करनी पड़ती है। इस कारण हम कई बार सफर का आनंद भी नहीं उठा पाते। यात्रा एवं सफर पर हम इसलिए जाते हैं ताकि जीवन में आनंद ले सकें, व्यस्त जीवन में कुछ सुकून के पल बिता सकें। पर्यटन स्थल की खूबसूरती को देख सकें और मन-मस्तिष्क को तरोताजा कर सकें। लेकिन जब हमारे पास सामान अधिक होता है तो न केवल चलने में परेशानी होती है, अपितु बार-बार हम सामान देखते रहते हैं कि सब कुछ है न, कुछ इधर-उधर तो नहीं हुआ।

यह तो केवल सामान की बात है। लेकिन हम अपने जीवन को भी बिल्कुल ऐसा ही बना लेते हैं जो अधिक सामान यानी कि अधिक विचारों से भरा होता है और उनमें से भी अधिकतर विचार व्यर्थ के होते हैं। भरे हुए घर में अनिवार्य सामान के साथ असंख्य ऐसा सामान होता है, जिसकी कभी जरूरत ही नहीं पड़ती लेकिन फिर भी लोग उस सामान को निकालने की कोशिश नहीं करते। उन्हें ऐसा लगता है कि न जाने कब इस सामान की आवश्यकता पड़ जाए।

सदगुरु कहते हैं, 'जब आपके पास कम चीजें होती हैं, तो आप खुल कर और चैन से सांस ले सकते हैं।' जीवन में जितनी ज्यादा भौतिकता होती है, उतना ही तनाव अधिक होता है और अनावश्यक कार्यों पर समय एवं ऊर्जा की खपत होती है। हम अधिक सामान जुटाने के प्रयास में यह भूल जाते हैं कि सामान हमारे लिए है, इसके बजाय हम स्वयं को एक ऐसा रोबोट बना लेते हैं कि सामान हमारे लिए नहीं बल्कि हम सामान के लिए हो जाते हैं। उसकी प्रतिदिन देखरेख करना, उस पर समय एवं धन खर्च करना हमारी दिनचर्या में जुड़ जाता है।

एक कहावत है कि भरे गिलास में किसी भी वस्तु को नहीं डाला जाता। यदि भरे गिलास में कुछ डालने का प्रयत्न किया जाएगा तो वह गिलास में न गिर कर नीचे गिरेगा। इसी तरह हम अपने मन-मस्तिष्क, आसपास एवं घर को वस्तुओं एवं विचारों से इतना अधिक भर लेते हैं कि वहां पर नए के प्रवेश का स्थान ही नहीं बचता। जीवन परिवर्तनशील है। परिवर्तन में नयी वस्तुओं एवं नये विचारों का आगमन शामिल है। लेकिन जब हमारा दिमाग पहले ही ढेर सारे विचारों एवं घर ढेर सारे सामान से भरा होगा तो वहां पर नये विचार व नया सामान कैसे आएगा? नये विचार एवं नये सामान के लिए पुराने विचार एवं पुराने सामान को त्यागना आवश्यक हो जाता है। यदि ऐसा नहीं होता तो फिर मस्तिष्क एवं शरीर में विकार उत्पन्न हो जाते हैं। इन विकारों से ही बीमारियों का जन्म होता है। जब शरीर बीमारी की जकड़न में जकड़ जाता है तो फिर सामान एवं विचारों की इच्छा मरने लगती है। उस समय मन और शरीर केवल यही कामना करता है कि सिर्फ हम स्वस्थ हो जाएं।

तो देखिए हम सामान लादने और एकत्रित करने की जिस इच्छा के साथ चलते हैं, अंत में उसी को खाली करने की इच्छा मन में घर करने लगती है। लेकिन उस समय बहुत देर हो चुकी होती है। इसलिए प्रसन्नता के साथ जीने के लिए यह जरूरी है कि कम सामान, अधिक आराम।


## मुद्दा

# कामकाज बना प्रेरणा का सबब

सुशील देव

मंत्रालय मिलना ही काफी नहीं होता है। उसे ठीक से चलाना भी महद्मवपूर्ण होता है। सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने की कला और सामर्थ्य भी होनी चाहिए। केंद्र सरकार की योजनाओं को गृह मंत्री अमित शाहग रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जैसे मंत्रियों ने मजबूती से मूर्त रूप देने की क्षमता दिखाई है। इस कड़ी में एक और नाम जुड़ता है नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का। सिंधिया लगन और मेहनत से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच पर खरे उतरने में कामयाबी हासिल कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के बाद जिन्हें पद और कद के हिसाब से सबसे महद्मवपूर्ण माना जाता है, वह हैं गृह मंत्री अमित शाह। वह अपने मंत्रालय के साथ संगठन में भी उतनी ही मेहनत करते हैं। गृह मंत्रालय ने कई सारे उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिनकी सर्वत्र चर्चा होती है। कश्मीर में अनुच्छेद 370 खत्म करने की बात हो या आतंकवाद-नक्सलवाद पर नकेल कसने की। कड़े फैसले अनुभवी या ताकतवर मंत्री ही कर सकते हैं। हमारी सीमाओं की सुरक्षा मजबूत हुई है। शाह कहते हैं कि हमारे जवानों या सीमाओं को आज कोई हल्के में नहीं ले सकता। उच्च तकनीक और ड्रोन हमलों को रोकने के लिए प्रतिरोधक प्रणाली जैसे कई महद्मवपूर्ण प्रावधानों से देश के बाहर और भीतर मजबूती मिली है। जहां तक देश के रक्षा मंत्री की बात है। राजनाथ सिंह का व्यक्तित्व मजबूत कदमों से ही संबंध रखता है। रक्षा मंत्रालय में स्वदेशी उपकरणों का निर्माण संभव हो सका है। कहना न होगा कि पहले सारे उपकरण विदेश से आते थेग अरबों रुपये खर्च होते थे। इन मंत्रियों ने अपने सधे कामकाज से प्रधानमंत्री मोदी पर अपना विश्वास बनाया है। कामकाज के बल पर रक्षा मंत्रालय में जो नई-नई ›चाइयां प्राप्त हो रही हैं, काबिल-ए-तारीफ हैं।



महिलाओं को कमीशंड अफसर बना दिया गया। आज वे लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। स्वदेशी उपकरण बन रहे हैं। यहां तक कि अपने उपकरण विदेशों में भी निर्यात किए जाने लगे हैं। यह बड़ी उपलब्धि है। यह कहने में गुरेज नहीं किया जा सकता। सरकार का यह एक सकारात्मक रुख है।

इसी कड़ी में सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के काम की भी कोई सानी नहीं। सड़क परिवहन के क्षेत्र में पूरे देश के अंदर उन्होंने लगातार जो काम किया है, वह बेहद प्रशंसनीय है। उन्होंने पूरे देश के अंदर अपने कार्यकाल में सड़कों का जाल-सा बिछा दिया है। देश में पेट्रोल-डीजल और सीएनजी-पीएनजी के साथ इथेनॉल से चलने वाली गाड़ियां सड़क पर उतार दी गई हैंग तो प्रदूषणरहित इलेंट्रिक वाहनों को पूरे देश में लाने संबंधी गड़करी की कोशिशों के चलते। उनकी कोशिशें अथक जारी हैं।

इसी कड़ी में नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी अपनी लगन और मेहनत के बल पर सरकार के अंदर बेहतर कार्य करने का प्रयास किया है, जिसमें उन्हें काफी हद तक सफलता भी मिल रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय भी देश का अहम मंत्रालय है, जिसकी बागडोर प्रधानमंत्री मोदी ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को सौंपी है। नरेन्द्र मोदी का कहना है कि-'हम हवाई चप्पल पहनने वालों को भी हवाई सफर कराना चाहते हैं, और यह सपना जल्द ही पूरा होगा।' इस दिशा में सरकार तेज गति से पहल कर रही है। हालांकि अभी बहुत अच्छे काम होने बाकी हैं, लेकिन सिंधिया की कोशिशें लगातार रंग ला रही हैं। जिस रफ्तार से चीजें चल रही हैं, उन्हें देखकर लगता है कि मोदी के यह सिपहसालार नया भारत बनाने की ओर अग्रसर हैं। इस क्रम में सिंधिया मध्य प्रदेश में ड्रोन प्रौद्योगिकी के शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए पांच स्कूल-ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर और सतना में-खुलवाने की तैयारी में हैं। इससे न केवल युवाओं का सशक्तिकरण हो सकेगाग बल्कि रोजगार सृजन भी होगा।

निश्चित रूप से इस दिशा में इन मंत्रियों का योगदान मंत्रालयों में काफी अहम माना जा रहा है। वर्तमान केंद्र सरकार के लिए ये अच्छे संकेत हैं। शाह, राजनाथ और गडकरी ने जैसा काम किया है, उम्मीद की जानी चाहिए कि बाकी के मंत्रालय भी इसी तरह से काम करें और सरकार के अच्छे कामों को आगे बढ़ाएं। इन सबकी कार्यशैली अलग-अलग तरह की हैं। इन कार्यशैलियों से निश्चित ही जनता प्रभावित होती है। इसलिए जरूरी है कि इनकी कार्यशैलियों से सीख लेकर अन्य मंत्रालय भी अपने कामकाज में सक्षमता और निपुणता का पुट दें। अनुकरणीय काम करें ताकि अन्य मंत्रालयों के लिए भी प्रेरक बन सकें। अगर ऐसा ही रहा तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों का भारत बनने में देर नहीं लगेगी।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं, दिल्ली.... से मुद्रित एवं, ब्लॉक नं. 23 मकान नं. 399 त्रिलोकपुरी दिल्ली....91
से प्रकाशित संपादक -प्रवीण कुमार सिंह टेलीफोन नं. 011.22786172 फैक्स नं. 011.22786172
RNI, No. DELHIN383334, E-mail: gauravashalibarat@gmail.com इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के पीआरबी एट के तहत

# संजय दत्त की बेटी त्रिशाला दत्त ने अपने किलर लुक से लोगों के दिलों को किया घायल



बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त की बेटी त्रिशाला दत्त अपनी ग्लैमरस तस्वीरों और वीडियोज को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं. उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया में हमेशा वायरल होती रहती हैं. इन दिनों त्रिशाला की एक बेहद ही ग्लैमरस फोटो इंटरनेट का पारा बढ़ा रहा है. उन्होंने यह तस्वीर अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर की है. उनकी इस तस्वीर को देखकर फैंस उनके हुस्न की जमकर तारीफ कर कर रहे हैं और साथ ही धड़ल्ले से शेयर भी कर रहे हैं. त्रिशाला के ग्लैमरस अवातार को देखकर कहा जा सकता है किसी भी बॉलीवुड एक्ट्रेसस के भी पसीने छूट सकते हैं.

**त्रिशाला का ग्लैमरस अवतार**

तस्वीर में आप देख सकते हैं कि त्रिशाला दत्त ब्लैक मोनोकिनी पहनी हुई हैं. उनका यह किलर लुक किसी के दिल को घायल करने के लिए काफी है. वह आइने के सामने खड़ी होकर अपनी ग्लैमरस सेल्फी क्लिक कर रही हैं. साथ ही बेहद ही स्टाइलिश हैट भी पहन रखी हैं. हैट पर 'डू नॉट डिस्टर्ब' का टैग लाइन भी लिखा है, जिसे वो फ्लॉन्ट कर रही हैं.

**त्रिशाला को चाहिए ऐसा हसबैंड**

कुछ दिन पहले त्रिशाला दत्त ने अपने इंस्टा हैंडल पर 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन किया, जहां उनके फैंस ने उनसे कई सवाल किए। इनमें से कई सवाल उनकी निजी जिंदगी से जुड़े थे. एक फैन ने उनसे उनकी शादी की प्लानिंग के बारे में पूछा. जब त्रिशाला दत्त से एक फैन ने पूछा कि, वो शादी कब करेंगी? तब उन्होंने कहा कहा, मैं तब शादी करूंगी, जब मुझे एक प्रॉपर जेंटलमैन मिल जाएगा, जो मुझे सम्मान, प्यार और सराहना देगा, जो मैं डिजर्व करती हूं. इससे साफ है कि, वो अभी अपने फ्यूचर हसबैंड की तलाश कर रही हैं.

**इंस्टाग्राम पर है तगड़ी फैन फॉलोइंग**


बता दें कि और स्टार्स की तरह त्रिशाला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को पब्लिक नहीं कर रखा है. उनका इंस्टा अकाउंट प्राइवेट है. इसके बावजूद उनकी बड़ी फैन फॉलोइंग है. पेशे से वे इस समय एक साइकोथेरेपिस्ट हैं.

त्रिशाला दत्त, संजय दत्त और उनकी पहली पत्नी ऋचा शर्मा की बेटी हैं. ऋचा शर्मा के निधन के बाद से ही वो अपने नाना-नानी के साथ अमेरिका में ही रहती हैं. हालांकि, भले ही वो अपने पिता संजय दत्त से दूर रहती हैं, लेकिन उनका अपने पिता के साथ काफी अच्छा बॉन्ड है. दोनों अक्सर एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम बिताते नजर आते हैं.



**संजय दत्त की बेटी त्रिशाला दत्त खूबसूरती और ग्लैमरस के मामले में बॉलीवुड की एक्ट्रेसेस को भी मात देती हैं. उनकी तस्वीरें और वीडियोज देखकर आप इसका अंदाजा लगा सकते हैं. जब भी वो अपनी फोटो इंस्टग्राम पर शेयर करती हैं, वो पल भर में ही सोशल मीडिया में वायरल हो जाती है. इसी क्रम में उन्होंने एक बेहद ही ग्लैमरस फोटो इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट की है. उनका किलर लुक लोगों को घायल कर रहा है.**

# KBC 13: अमिताभ बच्चन ने बेली रोटी, वाणी कपूर के साथ डांस करके बोले, 'अब जिम जाना बंद'



पॉपुलर क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति का तेरहवां सीजन (Kaun Banega Crorepati vx) अब अपने अंतिम चरण की तरफ आगे बढ़ रहा है. यह सीजन भी अपने पिछले सीजन की तरह हिट रहा है. लोगों ने इसे अपना भपूर प्यार दिया है. महानायक अमिताभ बच्चन (Amitabh Bachchan) ने अपने अंदाज से इस शो को जो ऊंचाई दी है, शायद ही कोई और होस्ट इसे दे पाता. यह हफ्ता 'केबीसी 13' (KBC13) का फिनाले वीक है. इस खास मौके पर शो में कई गेस्ट शामिल होने वाले हैं, जिसकी एक झलक चैनल द्वारा जारी किए गए लेटेस्ट प्रोमो में दिखाई दे रही है.

**शो में नजर आएंगे कई सितारे**

'केबीसी 13' (KBC 13) में इस हफ्ते बॉलीवुड एक्टर्स के साथ टीवी की दुनिया के नामी सितारे भी नजर आने वाले हैं. बॉलीवुड से आयुष्मान खुराना और वाणी कपुर अपनी फिल्म 'चंडीगढ़ करे आशिकी' के प्रमोशन के लिए शो में दिखाई देने वाले हैं. प्रोमो में अमिताभ और आयुष्मान अपनी साथ वाली फिल्म 'गुलाबो सिताबो' के एक सीन को रिक्रिएट करते हुए दिख रहे हैं. वहीं पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस दिशा परमार और मनीष पॉल भी केबीसी 13 में जमकर धमाल मचाने वाले हैं. इतना ही नहीं रैपर बादशाह और सिंगर नेहा कक्कड़ भी अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर होंगे.

**अमिताभ बच्चन ने बनाई रोटी**

'केबीसी 13' के इस प्रोमो में अमिताभ बच्चन और दिशा परमार के साथ रोटियां बेलते हुए दिखाई दे रहे हैं. शो में मौजूद सभी मेहमान भी इस दौरान रोटी बनाते हैं. सभी की गोल रोटी बनती हैं, मगर महानायक की रोटी आड़ी-तिरछी होती है. इस पर शो में मौजूद सभी लोग ठहाके मारकर हंसने लगते हैं.

# रुबीना दिलैक नहीं लेती किसी अवार्ड शो में हिस्सा, एक्ट्रेस ने बताई हैरान कर देने वाली वजह



'बिग बॉस 14' की विनर रही रुबीना दिलैक टीवी क सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस में एक हैं. शो के जीतने के बाद उनकी पॉपुलैरिटी और सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोविंग काफी तेजी से बढ़ी है. हाल में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में काफी सारी बातें की. इस इंटरव्यू में उन्होंने किसी भी अवार्ड शो में हिस्सा नहीं लेने की वजह का भी खुलासा किया. रुबीना ने इंटरव्यू में बताया कि एक शो अवार्ड नहीं मिलने से वह काफी अपसेट हो गई थीं.

रुबीना दिलैक ने कहा कि शो में अवार्ड नहीं मिलने पर उन्हें वॉशरूम जाना पड़ा क्योंकि वह अपने आंसुओं को गिरने से नहीं रोक पाई. बॉलीवुड बबल को दिए इंटरव्यू में रुबीना ने अवार्ड शो के लिए अपनी एक्साइटमेंट के बताते हुए कहा कि उन्होंने एक ड्रेस खरीदी थी और खासतौर पर इस अवार्ड शो के लिए अपने बालों को कर्ल किया था. उन्होंने कहा कि उस वक्त उनका शो टॉप पर था और इसे 5.7 की रेटिंग मिली थी. मुझे पता था कि मैं बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड जीतने जा रही थी. मेहंदी किया, सब किया. इतना विश्वास आप में होता है की कम से कम आपको पता है. मुझे पता था कि मैं जीतूंगी.

रूबीना दिलैक ने आगे कहा,मैं अवार्ड शो में सबसे आगे बैठी थी और फिर नाम बेस्ट एक्ट्रेस का नाम अनाउंस किया गया और मैं खुद को रोक नहीं पाई. पहली लाइन से सीधे बाथरूम चली गई और खूब रोई. दिल से रोई. मुझे पता था कि मैं जीतूंगी. दो दिन बाद, मुझे पता चला कि वो अवॉर्ड किसी हीरो को दिया गया था, क्योंकि? कुछ दिन बाद जो लड़की शो में मेरी बहन का किरदार निभा रही थी और वो हीरो, विक्रम फडनीस के एक फैशन शो में पार्ट लेने के लिए साउथ अफ्रीका जा रहे थे.

# रेणुका पंवार के गाने पर सपना चौधरी

## ने ऐसे लगाए ठुमके, मिल गए 711 मिलियन व्यूज

पिछले कुछ वक्त में हरयाणवी गानों का क्रेज तेजी से बढ़ा है. चाहे बर्थ डे पार्टी हो या फिर शादी जैसा कोई बड़ा कार्यक्रम हरयाणवी गानों पर ठुमके नहीं लगे तो मजा अधूरा सा लगता है. हरयाणवी इंडस्ट्री में रेणुका पंवार और सपना चौधरी दो ऐसे नाम हैं जिन्होंने अपने गानों से तहलका मचा कर रखा हुआ है. दोनों ही ऐसे लकाकार है जो किसी पहचान के मोहताज नहीं है. सपना और रेणुका जब किसी गानें में एक साथ परफॉर्म करते हैं तो जमकर धमाल मचाता है.

ऐसा ही एक गाना है चटक मटक जो इन दिनों सोशल मीडिया में जमकर तहलका मचा रहा है. इस गाने में सपना चौधरी का एक अलग अंदाज देखने को मिला. चटक मटक पिछले साल दिसंबर में रिलीज किया गया था लेकिन इतना समय बीत जाने के बाद भी यह गाना लगातार टॉप 5 हरियाणवीं गानों की लिस्ट में बना हुआ है. रेणुका पंवार ने इस गाने को आवाज दी है.वहीं इस पर सपना चौधरी ने अपना शानदार डांस दिखाया है. वैसे तो सपना चौधरी एक शानदार परफॉर्मर हैं लेकिन इस गाने में उनके ठुमके ने सोशल मीडिया को हिला कर रख दिया है. चटक मटक में उनके डांस को दर्शकों ने कितना पसंद किया इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि इसे अब तक 711 मिलिनय से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं.

सपना चौधरी का क्रेज कुछ इस तरह है कि उनके गानों के बिना कोई भी डीजे पार्टी अधूरी रहती है. हरियाणा ही नहीं पूरे देश में रेणुका और सपना के गाने जमकर सुने जाते हैं. सपना और रेणुका दोनों की एक्टिंग और सिंगिंग ने हरियाणवीं फिल्म इंडस्ट्री को एक नई पहचान दी है. रेणुका पंवार के 52 गज का दामन को पूरी दुनिया में सुना गया और इस गाने को एक अरब से ज्यादा बार देखा जा चुका है.

रेणुका और सपना चौधरी के फैंस उनके गानों का बेसब्री से इंतजार करतें हैं. दोनों ही कलाकारों का जब भी कोई गाना है तो देखते देखते ही वह लाखों व्यूज हासिल कर लेता है. चटक मटक के अलावा इन दिनों रेणुका का कबूतर परांदा , काला दामन जैसे गानों ने जमकर तहलका मचाया है.

**हरयाणवी इंडस्ट्री में रेणुका पंवार और सपना चौधरी दो ऐसे नाम हैं जिन्होंने अपने गानों से तहलका मचा कर रखा हुआ है. दोनों ही ऐसे लकाकार है जो किसी पहचान के मोहताज नहीं है. सपना और रेणुका जब किसी गानें में एक साथ परफॉर्म करते हैं तो जमकर धमाल मचाता है. ऐसा ही एक गाना है चटक मटक जो इन दिनों सोशल मीडिया में जमकर तहलका मचा रहा है. इस गाने में सपना चौधरी का एक अलग अंदाज देखने को मिला.**



## फायदेमंद मखाना



मखाने में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। मखाने में प्रोटीन की अच्छी मात्रा पाई जाती है।मखाने में एल्केलाइड नामक तत्व पाया जाता है। सूखे मेवे में शामिल होने वाले मखाना को, भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया में इस्तेमाल में किया जाता है। इनमें सोडियम, कैलोरी और फैट की मात्रा कम होती है। अगर आप मखाने को नियमित तौर पर अपनी डाइट में शामिल करते हैं तो आपको कई रोगों से छुटकारा मिलने के साथ ही अनगिनत स्वास्थ्य लाभ भी होते हैं। मखाने खाने से लंबे वक्त तक पेट भरे होने का असहास होता है जिसकी वजह से अनहेल्दी चीजों के लिए क्रेविंग नहीं होती।

**वेट लॉस**

मखाने में एथेनोल नामक एक तत्व पाया जाता है। जो हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता हैं। मखाना कमल के बीच से प्राप्त होता है। जो मोटापे को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है।

**हार्ट**

मखाने को हार्ट के लिए बहुत लाभदायक माना जाता है। मखाने में एल्केलाइड नामक तत्व पाया जाता है, जिसमें कुछ खास पोषक तत्व होने से ये हार्ट के लिए अच्छा माना जाता है। sमखाने खाने हार्ट के लिए फायदेमंद माने जाते हैं।

**प्रोटीन**

मखाने में प्रोटीन की अच्छी मात्रा पाई जाती है। मखाने खाने से प्रोटीन की कमी को पूरा किया जा सकता है। मखाने प्रोटीन के साथ-साथ शरीर को कई बीमारियों से बचाने में मदद कर सकता है।

**मसूड़ों**

मखाने में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल प्रभाव पाए जाते हैं। मखाने में पाए जाने वाले यह दोनों गुण मसूड़े संबंधित सूजन और बैक्टीरियल प्रभाव के कारण होने वाली सड़न को रोकने में मददगार साबित हो सकते हैं।

**कब्ज**

मखाने में भरपूर मात्रा में फाइबर के गुण पाए जाते हैं जो पेट की समस्या गैस, अपच की समस्या को कम करने में मदद कर सकता है। मखाने में फाइबर के साथ-साथ आयरन, कैल्शिय के तत्व भी पाए जाते हैं।

# बॉडी की स्ट्रेंथ बढ़ाने के व्यायाम

**व्यायाम करना सेहत के लिए बेहद आवश्यक माना गया है। व्यायाम आपको निरोगी बनाने के साथ-साथ आपकी बॉडी का स्टेमिना और स्ट्रेंथ भी बढ़ती है। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे व्यायाम के बारे में बता रहे हैं जो आपकी अपर बॉडी की स्ट्रेंथ को बढ़ाने का काम करते हैं-**

**पुल अप्स :** अपर बॉडी स्ट्रेंथ बढ़ाने के लिए पुल अप्स का अभ्यास करना एक काफी अच्छा व्यायाम साबित हो सकता है। इसका अभ्यास करने के लिए आप थोड़ी ऊंचाई पर फिट रॉड को पकड़ें और सिर्फ अपने हाथों के जोर पर अपने शरीर को ऊपर की तरफ लेकर जाएं। इस एक्सरसाइज के दौरान आपके शरीर का सारा भार आपके कंधों पर होता है।

**पुश अप्स :** अपर बॉडी को बेहतर बनाने के लिए पुशअप्स की प्रैक्टिस भी अवश्य करनी चाहिए। आप शुरूआत नॉर्मल पुशअप्स या वॉल पुशअप्स से कर सकते हैं। जब एक से दो महीने में आप रोजाना इसका अभ्यास करने से अभ्यस्त हो जाएंगे तो आप कई तरह के पुशअप्स जैसे क्लोज पुशअप्स, वाइडर पुशअप्स व क्लैप पुशअप्स आदि का अभ्यास करें। इससे आपकी अपर बॉडी पर ज्यादा प्रभाव डालते हैं।

**बेंच प्रेस व चेस्ट प्रेस :** अगर आप जिम जाते हैं तो आपने इसका अभ्यास वहां पर अवश्य किया होगा। बेंच प्रेस का अभ्यास करने के लिए आप सबसे पहले बेंच पर लेट जाएं और फिर रॉड पर दोनों तरफ करीबन 5-5 किलो वेट लगाकर करीबन दस रैप के तीन सेट करें। आप बेंच प्रेस की तरह ही चेस्ट प्रेस का भी अभ्यास भी किया जाता है, लेकिन इसमें आप रॉड के स्थान पर डम्बल का इस्तेमाल करें।



# 20 से 30 की उम्र में अपनाएं ये टिप्स



**20 से 30 साल की उम्र में हमारा स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक होता है।जिस कारण त्वचा पर भी हमेशा ग्लो रहता है। लेकिन हम भूल जाते हैं कि अगर अभी त्वचा की देखभाल नहीं की, तो आगे चलकर ढीली त्वचा, बेजान व रूखी त्वचा जैसी परेशानियां हो सकती हैं। जो लोग 20 से 30 साल की उम्र में यहां बताए जा रहे टिप्स अपना लेते हैं, जिंदगीभर उनकी त्वचा में चमक और जवानी रहती है।**

**हाइड्रेशन है सबसे जरूरी**

त्वचा को बिल्कुल दोषरहित बनाने के लिए हाइड्रेशन सबसे जरूरी है। जो कि त्वचा को रूखा होने से बचाता है और नमी प्रदान करता है। इसके लिए 20 से 30 साल की उम्र के लोगों को रोजाना 3 लीटर के आसपास पानी पीना चाहिए। इसके साथ ही हफ्ते में 1 से 2 बार चेहरे पर हाइड्रेशन मास्क भी लगा सकते हैं।

**मॉश्चराइजर सभी के लिए**

ऑयली स्किन वाले लोगों को लगता है कि उन्हें मॉश्चराइजर की जरूरत नहीं है। लेकिन ऐसा नहीं होता। चाहे आपकी स्किन ड्राई हो या ऑयली या फिर नॉर्मल। हर किसी के लिए मॉश्चराइजर जरूरी है, जो स्किन को चमकदार बनाए रखने में मदद करता है।

**सनस्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं क्या?**

बुढ़ापे तक त्वचा को चमकदार बनाने के लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। क्योंकि, इससे ना सिर्फ सूरज की हानिकारक किरणों से सुरक्षा मिलती है, बल्कि त्वचा को पोषण भी बना रहता है।

**मसाज भी करना चाहिए**

ग्लोइंग स्किन के लिए सही ब्लड सर्कुलेशन बहुत जरूरी है। जिससे त्वचा को पर्याप्त पोषण मिलता है। 20 से 30 साल की उम्र में आप नियमित रूप से चेहरे पर मसाज करें या फिर आप किसी प्रोफेशनल की मदद भी ले सकते हैं। जो आपको मसाज करने का सही तरीका व आपकी त्वचा के लिए जरूरी प्रॉडक्ट्स का चुनाव करने में भी मदद करेगा।

# जंक फूड के बजाए अपनाएं ये हेल्दी स्नैक्स

भोजन के बीच में स्नैकिंग अच्छा है या खराब? ये बार-बार पूछा जानेवाला सवाल है जिसे लोग स्वास्थ्य विशेषज्ञ या न्यूट्रनिशनिस्ट से जानना चाहते हैं। कहा जाता है कि ये बहुत कुछ आपके ऊपर निर्भर है। अगर आप सचमुच भूखे हैं, या फूड का हेल्दी और छोटा हिस्सा दिन भर खाते हैं, तो ये नुकसानदेह नहीं है लेकिन इसके पीछे अगर इमोशनल इटिंग (बिना भूख के खाने लगना) आपकी मंशा है, और आप सैचुरेटेड फैट, नमक या शुगर में अधिक डिब्बाबंद फूड को लालसा पूरी करने के लिए चुनते हैं, तो स्नैकिंग आपकी जिंदगी का दुश्मन हो सकता है।

**स्नैकिंग आपके लिए कब हो सकता है नुकसानदेह?**

न्यूट्रिशनिस्ट रियान फरनाडो कहते हैं, स्नैकिंग आपके लिए उस वक्त तक नुकसानदेह नहीं है जब तक कि आप गैर सेहतमंद सामग्री का सेवन न करें। उसके बजाए ये आपको देर तक भरा रखने में मदद कर सकता है और गैर सेहतमंद फूड्स के प्रति आपकी लालसा को कम करता है। खाने के विकल्पों में सचेत नहीं रहने पर गलत स्नैक को हम चुन सकते हैं और उसके नतीजे में वजन बढ़ सकता है और कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। लेबल पर दिखाई देनेवाले अधिकतर हेल्दी प्रोडक्ट्स अक्सर खराब फैट और शुगर में अधिक होते हैं। स्नैक के विकल्प जैसे चिप्स में पोषण मान नहीं होता है लेकिन फैट्स, सोडियम और अधिक कैलोरी में भरपूर होता है

**भोजन के बीच में हमें स्नैकिंग की इच्छा क्यों होती है?**

न्यूट्रिशनिस्ट का कहना है कि मौजूदा पोषक तत्वों की कमी या आपकी डाइट में खास पोषक तत्वों के अभाव की वजह से ये हो सकता है। मिसाल के तौर पर, अगर आपको चॉकलेट खाने की इच्छा है, तो आपके शरीर में मैग्नीशियम की कमी हो सकती है, जिसकी पूर्ति नट्स, सीड्स और फलों से होने की संभावना है। उनका कहना है कि जेनेटिक्स भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उन्होंने कुछ हेल्दी स्नैक्स के सुझाव दिए हैं जो खराब स्नैक्स का विकल्प हो सकते हैं और आपके वजन कम करने में मदद कर सकते हैं।



- कैंडी या चॉकलेट के बजाए फल
- चिप्स के बजाए पॉपकॉर्न
- बिस्कुट के बजाए मूंगफली का मक्खन टोस्ट

# भीगी हुई मूंगफली के स्वास्थ्य लाभ



**विटामिन और मिनरल्स से भरपूर मूंगफली के कई स्वास्थ्य लाभ हैं। ये नट्स बीटा सिटोस्टेरॉल से भरपूर होते हैं, जो आपको कैंसर से सुरक्षित रख सकते हैं। इसमें आयरन, फोलेट, कैल्शियम और जिंक की भी अच्छी मात्रा होती है, जो आपके शरीर के लिए जरूरी है। आइए, जानते हैं रोजाना भीगी हुई मूंगफली खाने के कुछ और कारण।**

- यूएसडीए द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक 100 ग्राम मूंगफली में 567 किलो कैलोरी,16 ग्राम कार्बोहाइड्रेट ,9 ग्राम आहार फाइबर, 4 ग्राम चीनी, 26 ग्राम प्रोटीन, 49 ग्राम कुल फैट होता है।
- मूंगफली में कार्डियोप्रोटेक्टिव गुण होते हैं, जो आपको विभिन्न दिल संबंधी समस्याओं से सुरक्षित रखते हैं। मूंगफली का यह कार्डियोप्रोटेक्टिव गुण लंबे समय में दिल रोग के जोखिम को कम करने में मदद करता है और शरीर में खून परिसंचरण में भी सुधार करता है।
- अगर आप कमर दर्द से परेशान हैं, तो मूंगफली को गुड़ के साथ भिगोकर खा सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक मूंगफली खाने से कमर दर्द से राहत मिल सकती है।
- मूंगफली बीटा-सिटोस्टेरॉल से भरपूर होती है, जो कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम करता है। यह ट्यूमर, विशेष रूप से स्तन कैंसर के विकास को भी रोकता है। शोध के मुताबिक हफ्ते में तीन बार किसी भी रूप में मूंगफली खाने से कैंसर का खतरा 58 फिसदी तक कम हो जाता है।
- मूंगफली प्रोटीन, वसा और फाइबर का एक अच्छा मिश्रण है। इन पोषक तत्वों के कारण, मूंगफली मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देती है और लंबे समय तक पेट को भरा रखती है। मूंगफली खाने से आपको भूख कम लगती है और आप खाना कम खाते हैं जिसकी वजह से वजन कम करने में मदद

# सिरदर्द की समस्या दूर करे बड़ी इलायची

**सिरदर्द**

बड़ी इलायची सिरदर्द की समस्या से राहत दिलाने में मददगार मानी जाती है। इतना ही नहीं इसको खाने से शरीर दर्द और थकावट को भी दूर किया जाता है। अगर आपके शरीर में कहीं भी दर्द है तो आप इसे पीस कर शहद के साथ सेवन कर सकते हैं।

**मुंह की दुर्गंध**

मुंह की दुर्गंध को दूर करने के लिए बड़ी इलायची को लाभकारी माना जाता है। मुंह की बदबू को दूर करने के लिए आप बड़ी इलायची को चबा-चबा कर खाएं, इससे मुंह की बदबू दूर हो सकती है।



**स्किन**

स्किन के लिए भी बड़ी इलायची काफी फायदेमंद मानी जाती है। बड़ी इलायची का सेवन करने से मुंहासों की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। इतना ही नहीं ये त्वचा को चमकदार बनाने में भी मदद कर सकती है।

**कैंसर**

कैंसर के खतरे को कम करने के लिए बड़ी इलायची काफी मददगार मानी जाती है। बड़ी इलायची में एंटी-ऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं। जो कैंसर कोशिकाओं को विकसित नहीं होने देते हैं। और कैंसर जैसी बीमारी को दूर रखने में मदद कर सकते हैं।

# बरसात के मौसम में कैसा हो भोजन

**बरसात का मौसम आने वाला है| ये सीजन लोगों में खुशहाली लेकर आता है| हर किसी को यह मौसम काफी लुभाता है| बरसात के दिनों में चाय व गरमागरम पकौडे का सेवन करने का अलग ही मज़ा होता है। इस मौसम में हमें अवश्य अपने खाने पीने का ध्यान रखना चाहिए वरना फूड पॉइजनिंग, पीलिया, हैजा जैसी घातक बीमारियां हमें घेर लेती हैं। आज हम आपको बता रहे हैं कि बरसात के मौसम में किस तरह का भोजन खाना चाहिए| आइए जानें -**

- बारिश के मौसम में ऐसे भोजन का सेवन करना चाहिए जो विटामिन सी, विटामिन ई, सेलेनियम, जिंक, आयरन, कॉपर, फॉलिक एसिड, बी कॉम्प्लैक्स से भरपूर हो। ऐसा भोजन खाने से आप फिट रहेंगे।
- इस मौसम में लौकी, टिंडा, परवल, जिमीकंद, ग्वार फली, करेला, ब्रोकली, आंवला आदि सब्जियां खानी चाहिए। ये सब्जियां आपको हैल्दी बनाएंगी।

बरसात के दिनों में थोड़ी मात्रा खाने की खानी चाहिए। इससे आपको ज्यादा भूख भी नहीं लगेगी और आपका पेट भरा भरा रहेगा।

- बरसात के दिनों में आप अदरक, लहसन, काली मिर्च, जीरा, हींग, हल्दी और धनिया खा सकते है। इससे आपका डाइजेस्टिव सिस्टम हैल्दी रहेगा और आपका इम्म्यून सिस्टम हैल्दी रहेगा।
- अगर आप बरसात के मौसम में पत्तेदार सब्जियों का सेवन करते हैं तो इसे अच्छी तरह से पानी से वॉश कर लें क्योंकि कीटाणु इस मौसम में सब्जियों को घेर लेते है।
- हमेशा इस मौसम में घर पर बना खाना ही खाएं। सुबह का खाना पड़ा हुआ अवॉइड करें।

# स्किन के लिए फायदेमंद सेंधा नमक



**पिंपल्स और ब्लैकहेड्स में उपयोगी**

अगर आप पिंपल्स और ब्लैकहेड्स से परेशान है तो आपके लिए सेंधा नमक काफी उपयोगी साबित हो सकता है। इसके लिए आपको सेंधा नमक में नींबू के रस की कुछ बूंदे मिलाने है और इसका पेस्ट बना लेना। इसके बाद इस पेस्ट का इस्तेमाल आप अपने पिंपल्स और ब्लैकहेड्स पर करें। आपको दो हफ्ते के अंदर पिंपल्स और ब्लैकहेड्स से राहत मिलने लगेगी।

**स्किन के ड्राइनस दूर करने में**

अगर आपकी स्किन ड्राई हो गई है तो आप सेंधा नमक का प्रयोग कर अपने त्वचा पर ग्लो ला सकते हैं। इसके लिए ऑलिव ऑयल में सेंधा नमक मिलाएं और पेस्ट बना ले। इसके बाद इसे स्क्रबर के जैसे अपने स्किन पर प्रयोग करें। इससे आपके स्किन की ड्राइनस दूर हो जाएगी।

**टैनिंग दूर करने में**

आपका स्किन अगर टैन हो गया है तो आप सेंधा नमक और शहद का प्रयोग कर एक पेस्ट बना लें। इसके बाद इस पेस्ट को स्क्रबर के जैसे हफ्ते में दो दिन उपयोग करें। इससे आपके चेहरे पर टैनिंग गायब हो जाएगी।

**ऑयली स्किन के लिए उपयोगी**

अगर आप अपने ऑयली स्किन से परेशान है तो आप सेंधा नमक ओटमील को मिलाकर एक पेस्ट बना लें। फिर इसमें नींबू का रस और बादाम का तेल मिला लें। अब इसका प्रयोग आप अपने स्किन पर करें आपका ऑयली स्किन की समस्य बहुत जल्द ही दूर हो जाएगी।

# खाली पेट शहद-लहसुन खाने के फायदे

**शहद और लहसुन अपने एंटी-बायोटिक और एंटी-बैक्टीरियल गुणों की वजह से जाने जाते हैं. आयुर्वेद में तो लहसुन को औषधि माना गया है। लहसुन में एलिसिन और फाइबर की मौजूदगी के कारण कई तरह के पोषक तत्व प्रदान करता है।इसमें एंटिफंगल और एंटीऑक्सिडेंट जैसे गुण भी होते हैं।**

लहसुन में इसमें विटामिन बी 1, बी 6 और सी के साथ-साथ मैंगनीज कैल्शियम, तांबा, सेलेनियम और कई अन्य खनिज होते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, सुबह खाली पेट लहसुन खाने के बहुत फायदे होते है। इससे आपको डायबिटीज कंट्रोल करने, इम्युनिटी सिस्टम मजबूत बनाने, कैंसर से बचने आदि में मदद मिलती है। शहद भी एक एंटीबायोटिक की तरह काम करता है और शरीर को डिटॉक्स करके हर तरह के इंफेक्शन को भी खत्म कर सकता है। साथ ही इम्यून सिस्टम को भी मजबूत करता हैं। शहद में डूबे हुए लहसुन के सेवन से आप कई बीमारियों से भी बच जाते हैं।



**डायरिया से बचाने में सहायक**

अगर आपको बार-बार डायरिया की समस्या हो रही है, तो इस पेस्ट का सेवन काफी फायदेमंद साबित हो सकता हैं। इसका सेवन करने से आपका पाचन तंत्र ठीक ढंग से काम करता हैं। जिसके कारण आपको पेट संबंधी किसी भी प्रकार का संक्रमण नहीं होता हैं।

**गले की खराश करता है दूर**

इस मिश्रण का सेवन करने से आपको कई फायदे होते हैं जिनमें गले की खराश भी शामिल है. इसका कार यह है कि इनमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते है। जिसके कारण इसका सेवन करने से आपके गले में खराश और सूजन से आपको आराम मिल सकता है।

**दिल को स्वस्थ रखने में सहायक**

लहसुन और शहद के पेस्ट का सेवन करना आपके दिल के लिए काफी फायदेमंद हैं। इसका सेवन करने से आपके दिल की धमनियों में जमा फैट बाहर निकल जाता है। जिसके कारण ब्लड सर्कुलेशन ठीक ढंग से होने लगता हैं। जो दिल के लिए फायदेमंद हैं।

# 'टैनिंग' से हैं परेशान, तो करें केसर का उपयोग!

यह खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ इससे त्वचा को भी कई लाभ होते हैं। चलिए जानते हैं केसर का यूज करके स्किन की कई परेशानियों से छुटकारा पाया जा सकता हैं। धूप के कारण से त्वचा पर 'टैनिंग' की परेशानी हो जाती है। इसके लिए भी केसर का यूज किया जा सकता है। केसर और दूध का पेस्ट बनाकर 'स्किन' पर लगाएं जिससे 'टैनिंग' की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

केसर 'एंटीऑक्सीडैंट' से भरपूर होता है। इसका यूज करके बालों को स्वस्थ और चमकदार बनाया जा सकता है।

इसमें 'एंटीबैक्टीरियल' गुण पाएं जाते हैं, जिससे चेहरे के कील-मुंहासों की परेशानी दूर करने में मदद करते है। इसके लिए केसर के 10 रेशे और 5-6 तुलसी की पत्तियां लीजिए और इन दोनों का 'पेस्ट' बना लीजिए। इसे कुछ देर के लिए मुंहासों पर लगा कर रखें और फिर चेहरा धो लीजिए। क्या आपके चेहरे पर चोट लगने के बाद निशान पड गए हैं, तो आप केसर का यूज करके इन्हे दूर कर सकते हैं। इसके लिए दो छोटे चम्मच केसर को पानी में भिगोएं और पेस्ट तैयार कीजिए। अब इसमें कुछ बूंदे नारियल तेल की मिलाकर घाव पर लगाना चाहिए। हर रोज ऐसा करने से बेहद जल्दी घाव भर जाता है और उसके निशान भी कम हो जाएंगे।

## आज की रेसिपी

# लौकी और केले की खीर



**सामग्री :**

- 800 gms फुल फैट दूध
- 400 ग्राम लौकी (छिलकर और साफ किया हुआ), कद्दूकस
- 2 केला, कद्दूकस
- 30 ग्राम खोया
- 20 ग्राम बादाम, टुकड़ों में कटा हुआ
- 10 ग्राम चिरौंजी
- 10 ग्राम काजू (क्रश)
- 90 ग्राम ब्राउन शुगर
- 1 टी स्पून इलायची पाउडर
- 25 ग्राम घी
- 8/10 केसर के रेशे

**विधि :**

- लौकी को साफ करके कददूकस कर लें. पके हुए केले को भी छील लें. बादाम को स्लाइस करें और काजू को क्रश करें.
- अब एक पैन में घी गरम करें और काजू और बादाम को भूनें. गार्निश के लिए कुछ अलग रखें.
- ब्राउन होने पर कद्दूकस की हुई लौकी डालें और धीमी आंच पर 8/10 मिनट तक पकाएं।
- इसमें दूध डालें और जब उबलने लगे तो आंच कम कर दें और इसे 25 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं. इसे बीच बीच में चलाते रहें.
- अब इसमें चीनी और खोया मिलाएं और इलायची पाउडर और केसर डालें और 2/3 मिनट तक पकाएं.

# टेस्टी और प्रोटीन से भरपूर एग सैंडविच



इस यूनिक एग डिश को सुबह के मील और शाम के मील में लिया जा सकता है। खुली ब्रेड सैंडविच को प्रोटीन से भरपूर अंडे के साथ-साथ पोषक तत्वों से भरपूर पीली शिमला मिर्च और लाल शिमला मिर्च के साथ बनाया जाता है। बच्चों के लिए, आप पनीर मिला सकते हैं या इसे भी छोड़ना चुन सकते हैं।

**2-मिनट में स्टेप-बाय स्टेप एग सैंडविच रेसिपी:**

**स्टेप 1 :** एक मिक्सिंग बाउल में दो एग तोड़ें और कम से कम एक मिनट के लिए फेंटे।

**स्टेप 2 :** कटा हुआ प्याज़, पीली शिमला मिर्च, लाल शिमला मिर्च, ताज़ा धनिया पत्ती, कटी हुई हरी मिर्च, स्वादानुसार नमक, काली मिर्च पाउडर और थोड़ा दूध डालें, सब कुछ एक साथ मिलाएं।

**स्टेप 3 :** ब्रेड के दो स्लाइस लें, ब्रेट के सेंटर को काटें।

**स्टेप 4 :** एक पैन में थोड़ा बटर गरम करें, बाहरी ब्रेड कट-आउट को तवे पर रखें, ब्रेड के बीच में एग का मिश्रण भरें।

**स्टेप 5 :** इसके ऊपर एक पनीर का टुकड़ा रखें और ब्रेड के बीच के हिस्से को बंद करें जिसे हमने स्टेप 3 में काटा था। एक बार ब्रेड नीचे की तरफ से ब्राउन हो जाए, इसे पलटें और दूसरी तरफ भी पकाएं।

**स्टेप 6 :** दोनों तरफ से पक जाने के बाद, इसे मनचाहे आकार में काट लें और गरमागरम सर्व करें।

# विराट दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में नहीं खेलेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज से हट गये हैं। इससे पहले विराट को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एकदिवसीय मैचों की कप्तानी से हटा दिया था। विराट दक्षिण अफ्रीका दौरे पर होने वाले तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में कप्तानी के बाद स्वदेश लौट जाएंगे।

अभी यह पता नहीं चला है कि विराट किस कारण से एकदिवसीय सीरीज से हटे हैं। यह भी सामने आया है कि उनका दौरे से हटने का कारण कप्तानी से हटाया जाना नहीं है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार विराट अपनी बेटी वामिका का पहला जन्मदिन मनाने के लिए परिवार के साथ रहना चाहते हैं। इसी लिए विराट टेस्ट सीरीज के समाप्त होने के बाद अपने परिवार के साथ छुट्टी की योजना बना रहे हैं। दौरे का अंतिम टेस्ट 11 से 15 जनवरी तक खेला जाएगा। वहीं एकदिवसीय सीरीज की शुरूआत 19 जनवरी से होगी।

वहीं इससे पहले अभ्यास के दौरान चोटिल होने के कारण सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा टेस्ट सीरीज से बाहर हो गये हैं। ऐसे में यह अजीब संयोग है कि विराट और रोहित दोनों ही दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर तो जाएंगे पर एक साथ खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में खिलाड़ियों के लिए तीन दिवसीय शिविर का भी आयोजन किया गया था। इसमें रोहित , शार्दुल ठाकुर, ऋषभ पंत और कुछ अन्य खिलाड़ी शामिल हुए थे पर विराट नहीं थे। वहीं अधिकारियों ने कहा कि विराट को बुलाया गया था पर वर इसमें शामिल नहीं हुए।

पिछले कुछ दिनों में भारतीय टीम कई बदलावों से गुजरी है जिसके तहत रोहित शर्मा को सीमित ओवरों का कप्तान बनाया गया है जबकि विराट के पास केवल टेस्ट कप्तानी ही रह गयी है। इस बारे में बीसीसीआई आध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा था कि विराट को कप्तानी से हटाने का फैसला बीसीसीआई और चयनकताओं की सहमति से हुआ है।

# लोकेश राहुल बन सकते हैं टेस्ट टीम के उपकप्तान



**मुम्बई, एजेंसी।** सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट की सीरीज से बाहर हो गए है। रोहित को इस दौरे के लि उपकप्तान भी बनाया गया था। ऐसे में उनके बाहर होने के बाद टीम में किये उपकप्तान बनाया जाये यह सवाल उठ खड़ा हुआ है। रोहित को अभ्यास सत्र के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उनकी जगह बल्लेबाजी के लिए प्रियांक पंचाल को टीम में शामिल किया गया है पर उपकप्तान के लिए अभी किसी नाम की घोषणा नहीं हुई है। माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपकप्तानी की जिम्मेदारी लोकेश राहुल को दे सकती है। एकदिवसीय के लिए पहले ही राहुल को उपकप्तान बनाया गया है।

वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और अनुभवी स्पिनर आर अश्विन भी इस पद के दावेदार हैं। पिछले काफी समय तक टीम के उपकप्तान रहे अजिंक्य रहाणे को खराब फार्म के कारण न्यूजीलैंड सीरीज के बाद उपकप्तानी से हटा दिया गया था। बीसीसीआई से जुड़े एक वर्ग का यह भी मानना है कि शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अश्विन को उपकप्तानी दी जानी चाहिये। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका दौरे में तीन टेस्ट मैच खेलेगी। यह सीरीज 15 जनवरी को खत्म होगी, जिसके बाद पार्ल में 19 जनवरी से तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### टीम में जगह मिलने से उत्साहित हैं प्रियांक

नई दिल्ली, एजेंसी। बल्लेबाज प्रियांक पांचाल दक्षिण अफ्रीका के लिए भारतीय टीम में जगह मिलने से उत्साहित हैं। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के चोटिल होने के कारण प्रियांक को टीम में जगह मिली है। प्रियांक ने हाल ही में हुए दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भारत ए की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए तीन पारियों में 120 रन बनाए थे। इसी कारण उन्हें टीम में शामिल किया गया है। 31 साल के प्रियांक आंखिरकार राष्ट्रीय टीम में जगह मिलने से उत्साहित हैं। प्रियांक ने भारतीय टीम में जगह मिलने पर ट्वीट किया, टीम इंडिया की जर्सी पहनने का अवसर मिलने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मेरे में भरोसा दिखाने के लिए बीसीसीआई का आभार। शुभकामनाओं के लिए आप सभी का धन्यवाद। उन्होंने भारतीय टीम में चुने जाने पर कहा, मुझे खुशी है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ता के कारण दक्षिण अफ्रीका के लिए मुझे जगह मिल रही है जबकि अभी तीन दिन पहले ही मैं भारत ए टीम की ओर से दक्षिण अफ्रीका का दौरा कर घर लौटा हूं। यहां तक कि मैंने अपना सामान भी नहीं खोला था और अब मैं फिर टीम इंडिया के बायो-बबल में शामिल हो रहा हूं। साथ ही कहा, मैं पिछले कुछ सालों से गुजरात और इंडिया-ए के लिए अच्छा कर रहा हूं, और मैं कई साल से इस मौके का इंतजार कर रहा हूं पर मुझे इस प्रकार अवसर मिलने की उम्मीद नहीं थी। यह एक सुखद आश्चर्य है।

### रुट में कप्तानी की क्षमता नहीं : मैकुलम

क्राइस्टचर्च, एजेंसी। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर ब्रैंडन मैकुलम ने कहा है कि इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट एक अच्छे बल्लेबाज जरुर हैं पर उनमें नेतृत्व क्षमता नहीं है। मैकुलम ने हालांकि रूट को एक अद्भुत व्यक्ति और एक उत्कृष्ट क्रिकेटर बताया है। मैकुलम ने कहा कि एशेज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड के पास कई अवसर आये थे पर वह उनका लाभ नहीं उठा पाया। मैकुलम ने कहा, मुझे लगता है कि रूट एक अद्भुत व्यक्ति है, एक उत्कृष्ट क्रिकेटर है और वे उसके बारे में एक बहुत अच्छे नेता के रूप में बात करते हैं। मैंने इसे वास्तव में नहीं देखा है। इंग्लैंड के पास कई अवसर थे पर वे उन्हें पकड़ नहीं पाये। इस कारण टीम का पर्याप्त मजबूत नहीं होना भी रहा जिससे थोड़ा भी दबाव पड़ने पर टीम ढ़ह गयी। मैकुलम ने यह भी कहा कि रूट विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में कहीं नहीं है क्योंकि वह मैच को अपनी पकड़ से दूर जाने देता है। मैकुलम ने कहा, मेरे अनुसार नेतृत्व केवल एक कप्तान के रूप में सही समय पर सही फैसला लेने में सक्षम होने के बारे में ही नहीं है , इसमें मैच पर अपनी पकड़ बनाना भी शामिल है। वहीं रूट इसमें विश्व के अन्य कप्तानों के सामने कहीं नहीं ठहरते।

# आयरलैंड की महिला क्रिकेटर ने सामान न मिलने की शिकायत आईसीसी से की



**दुबई, एजेंसी।** आयरलैंड की एक महिला क्रिकेटर ने आईसीसी से शिकायत की है कि उन्हें अभी तक अपना सामान नहीं मिल पाया है। ये क्रिकेटर आईसीसी का क्वालीफायर मुकाबला खेलने जिम्बाब्वे गयीं थी पर ओमीक्रोम के खतरे को देखते हुए आईसीसी ने यह टूनार्मेंट रद्द कर दिया था। उसके बाद ये क्रिकेटर तो स्वदेश पहुंच गयी हैं पर उनका सामान अभी तक नहीं पहुंचा है। काफी इंतजार के बाद आयरलैंड की एक क्रिकेटर गैबी लुइस ने आईसीसी से उनके सामान को लेकर जानकारी मांगी है। गैबी ने ट्वीट करके बताया कि उनका सामाना अभी भी ओमान में ही है। इन क्रिकेटरों को पृथकवास के लिए आईसीसी ने जिम्बाब्वे से ओमान भेज दिया था। इस महिला क्रिकेटर ने आईसीसी से पूछा है कि क्या उनके सामान के बारे में कोई अपडेट था। उनके कॉलेज के नोट्स उनके सामान के साथ ही अटके हुए है और इसे करीब 2 सप्ताह हो गए है। 20 साल की गैबी ने आयरलैंड की तरफ से 22 वनडे और 48 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने 505 वनडे रन और एक हजार टी20 रन बनाए हैं। उनके नाम अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में शतक भी है। इसके अलावा उन्होंने 10 वनडे विकेट और टी20 क्रिकेट में 3 विकेट लिए है।




बीजिंग में शीतकालीन ओलंपिक खेलों के पहले मशाल को पेश किया गया।

# पृथ्वी को इसलिए नहीं मिला दक्षिण अफ्रीका दौरे में अवसर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** युवा बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। इससे पहले न्यूजीलैंड के साथ हुई घरेलू सीरीज में भी उन्हे मौका नहीं मिला था। अब जबकि सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सीरीज से बाहर हुए हैं तब भी विकल्प के तौर पर पृथ्वी को नहीं बल्कि प्रियांक पांचाल को जगह मिली है। पृथ्वी को जगह नहीं मिलने का कारण उनका भारत ए की ओर से दक्षिण अफ्रीका दौरे में खराब प्रदर्शन रहा है। पृथ्वी अपने इस दौरे में पांच पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाये जबकि प्रियांक ने भारत ए के कप्तान के तौर पर अच्छी पारियां खेली थीं।

पृथ्वी ने 5 पारियों में कुल 151 रन बनाए। पृथ्वी को तीनों मैच में पारी की शुरूआत के लिए भेजा गया था पर वह बड़ी पारी नहीं खेल पाये। दक्षिण अफ्रीका में टीम इंडिया ने अब तक एक भी टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। इस कारण पांचाल जैसे सीनियर खिलाड़ी को शामिल किया गया है। प्रियांक ने भारत ए की ओर से पहले मैच में बतौर कप्तान 96 रन बनाये थे। हालांकि दूसरे मैच की दोनों पारियों में वह नाकाम रहे और 24 और शून्य रन ही बना पाये थे। वहीं हनुमा विहारी ने 5 पारियों में 3 अर्धशतक लगाकर टीम इंडिया में वापसी की। इससे पहले हनुमा को न्यूजीलैंड सीरीज में जगह नहीं मिली थी। पियांक को भले ही टेस्ट सीरीज के लिए टीम में जगह मिली हो पर उन्हें अंतिम ग्यारह में शायद ही अवसर मिल पाये क्योंकि टीम में लोकेश राहुल और मयंक अग्रवाल जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। मयंक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बड़ी पारी खेली थी, ऐसे में उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह मिलना तय है।

# 13 साल की उम्र में खुदकुशी करना चाहते थे कुलदीप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के स्पिनर कुलदीप यादव 14 दिसंबर मंगलवार को 27 साल के हो गये हैं। कुलदीप का टीम इंडिया तक का सफर आसान नहीं रहा है। चाइनामैन गेंदबाज के नाम से लोकप्रिय रहे कुलदीप 13 साल की उम्र में ही खुदकुशी तक करने जा रहे थे। इसका कारण यह था कि काफी मेहनत के बाद भी वह उत्तर प्रदेश की अंडर 15 टीम में जगह नहीं बना पा रहे थे। जिससे वो काफी निराश हो गए थे और उन्होंने खेल छोड़ने का फैसला भी कर लिया था पर कुछ ही सालों में उनकी किस्मत बदली और वह आगे बढ़ते गये।

घरेलू क्रिकेट के साथ ही आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से वो चमके और इसी के साथ उनके लिए टीम इंडिया के रास्ते भी खुल गये। कुलदीप ने साल 2014 में आईसीसी अंडर 19 विश्व कप में हैट्रिक बनायी थी। कुलदीप भुवनेश्वर कुमार के बाद सभी प्रारुपों में 5 विकेट के क्लब में शामिल होने वाले दूसरे भारतीय भी हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले वह पहले भारतीय गेंदबाज बने थे। कुलदीप ने साल 2017 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने 7 टेस्ट मैच में 26 विकेट, 65 वनडे में 107 विकेट और 23 टी20 मैच में 41 विकेट लिए थे।

# कांबली ने रहाणे और ऋषभ को दिये बल्लेबाज के टिप्स



मुंबई, एजेंसी। खराब फार्म से परेशान भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज आजिंक्य रहाणे ने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर रवाना होने से पहले पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली से मुलाकात की है। इस दौरान रहाणे के साथ विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी थे। कांबली ने रहाणे को बल्लेबाजी के कुछ टिप्स दिए। अब देखना है रहाणे को इस मुलाकात का कितना लाभ मिलता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई घरेलू टेस्ट सीरीज भी रहाणे के लिए अच्छी नहीं रही थी। उस सीरीज में पहले टेस्ट की कप्तानी मिलने के बाद भी रहाणे रन नहीं बना पाये थे। जिसके बाद उन्हें टेस्ट की उपकप्तानी से भी हटा दिया गया। यह साल रहाणे के लिए अच्छा नहीं रहा है और वह 17 से भी कम के औसत से रन बना पाये हैं। रहाणे के साथ मुलाकात के दौरान कांबली के साथ उनका बेटा क्रिस्टियानो भी मौजूद था। कांबली ने फोटो ट्वीट करते हुए लिखा, ह्यआगामी दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए रहाणे और ऋषभ को ट्रेनिंग में करने में मदद करने में खुशी हुई। दक्षिण अफ्रीका के हालातों के बारे में उन्हें कुछ टिप्स भी दिए। दोनों को शुभकामनाएं। क्रिस्टियानो को भी बहुत कुछ सीखने को मिला। वहीं इस दौरे से पहले टीम सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अपनी दादी मां से आशीर्वाद लेने पहुंचे। मयंक ने कहा कि वह अपनी दादी से टिका लगवाए बिना वह कोई मैच खेलने नहीं जाते। रोहित शर्मा के चोटिल होकर बाहर होने से इस दौरे पर मयंक ही पारी की शुरूआत करेंगे।

# रुतुराज को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए शामिल करें : वेंगसरकर




**मुम्बई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर महाराष्ट्र के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ से खासे प्रभावित हैं। वेंगसरकर के अनुसार रुतुराज ने जिस प्रकार विजय हजारे ट्रॉफी में हर गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करते हुए लगातार तीन शतक बनाये हैं। उससे उनकी क्षमता का अंदाजा होता है। इस बल्लेबाज ने केवल 4 पारियों में 145.00 की औसत से 435 रन बनाये हैं। वेंगसरकर के अनुसार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक एकदिवसीय सीरीज के लिए इस युवा बल्लेबाज को टीम में अवश्य जगह मिलनी चाहिए। वेंगसरकर ने यह भी कहा कि चयनकताओं को चाहिये कि उस खिलाड़ी को अवश्य राष्ट्रीय टीम से खेलने का अवसर दे जो लय में है।

वेंगसरकर ने साथ ही कहा, आपको एक खिलाड़ी को फार्म में होने पर अवसर देना चाहिये। अपने को साबित करने के लिए उसे अभी और कितने रन बनाने होंगे? समय आ गया है कि चयनकर्ता उसे तुरंत टीम में शामिल करें और अपने को साबित करने के पूरे अवसर दें। वेंगसरकर ने यह भी कहा कि रुतुराज एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो भारत के लिए नंबर 3 पर भी खेल सकते हैं। साथ ही कहा कि यह बल्लेबाज 18 या 19 की उम्र का नहीं है बल्कि 24 साल का हो गया है , इसलिए उसे अवसर देने का यही समय है। अगर अब उसे जगह नहीं मिलती तो कब मिलेगी। उम्र बढ़ने के बाद जगह मिलने का कोई मतलब नहीं रहेगा। ऋतुराज ने आईपीएल के 14 वें सत्र में शानदार बल्लेबाजी करते हुए ऑरेंज कैप पुरस्कार भी जीता था।

# एमओसी ने विदेश में अभ्यास के लिए चार नौकायन खिलाड़ियों के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी

नई दिल्ली, एजेंसी। खेल मंत्रालय द्वारा हाल ही में नए सिरे से गठित मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने चीन में अगले साल होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिए विदेश में अभ्यास और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के चार नौकायन खिलाड़ियों के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। चार ओलंपियन के प्रस्ताव पर पौने तीन करोड़ रुपए से अधिक खर्च होगा। मंत्रालय द्वारा मंगलवार को इसकी जानकारी दी गई। इन खिलाड़ियों में 49 आर विशेषज्ञ वरूण ठक्कर और केसी गणपति (एक करोड़ 34 लाख रुपए), लेसर रेडियल विशेषज्ञ नेत्रा कुमानन (90.58 लाख रुपए) और लेसर स्टैंडर्ड विशेषज्ञ विष्णु सरवनन (51. 08 लाख रुपए) शामिल हैं। यह धन उनकी यात्रा, रहने, कोच के प्रवेश शुल्क, कोच नाव चार्टर और कोच के वेतन पर खर्च होगा। एमओसी ने इसके साथ ही आपात आधार पर कुछ प्रस्तावों को मंजूरी दे दी।इसमें ओलंपिक भाला फेंक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा का अमेरिका में आफ सीजन अभ्यास का प्रस्ताव, महिला बैडमिंटन विश्व चैम्पियन पी वी सिंधू का स्पेन में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप में उनके फिटनेस ट्रेनर की सेवायें लेने का प्रस्ताव शामिल है। एमओसी ने आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में टूनार्मेंटों में भाग ले रहे बैडमिंटन खिलाड़ियों को सहायता को भी मंजूरी दे दी।शिखा गौतम, अश्विनी भट, प्रियांशु, विष्णु वर्धन, कृष्णा प्रसाद, ईशान, साई प्रतीक, पी गायत्री, त्रिशा, तनीषा, रूतुपर्णा और सामिया फारूकी के अभ्यास दौरे पर करीब 45 लाख रुपए खर्च आयेगा। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में हुई बैठक में अभिनव साठे को तब तक भारतीय पुरूष हॉकी टीम का फिजियो बनाये रखने को भी मंजूरी दे दी गई जब तक उनकी फीस एसीटीसी के मार्फत दी जा रही है। स्कीट निशानेबाज गुरजोत सिंह का कारतूस और क्ले टारगेट मुहैया कराने का अनुरोध भी माना हैं, जिस पर करीब दो लाख 23 हजार रुपए खर्च होगा।

# कोरोना संक्रमण के कारण ईपीएल का एक और मैच स्थगित



**लंदन, एजेंसी।** कोरोना संक्रमण के नये संस्करण ओमीक्रॉन के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल (ईपीएल) का एक और मैच स्थगित करना पड़ा है। ईपीएल के तहत मैनचेस्टर युनाइटेड और ब्रेंटफोर्ड के बीच मैच होना था पर संक्रमण के डर से यह नहीं खेला गया। पिछले तीन दिन में यह दूसरा मैच है जो स्थगित हुआ है। इससे पहले रविवार तक 3805 खिलाड़ियों और क्लब स्टाफ की कोविड जांच में संक्रमण के करीब 42 मामले सामने आए थे। वहीं पिछले एक सप्ताह में ही 12 मामले बढ़े हैं। नॉर्विच क्लब और युनाइटेड के कुछ खिलाड़ी और स्टाफ के सदस्य भी संक्रमित पाये गये थे इसी कारण मंगलवार का मैच स्थगित किया गया है।

इससे पहले टोटेनहम और ब्राइटन का मैच भी स्थगित कर दिया गया था क्योंकि उसके आठ खिलाड़ी पॉजिटिव पाए गए थे। इसके अलावा नॉर्विच और एस्टोन विला टीमों में भी संक्रमण के मामले मिले हैं। देश में ओमीक्रोन के बढ़ते मामलों को देखते हुए ही कोरोना महामारी से जुड़ी पाबंदियों को फिर बढ़ा दिया है।